चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 61, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 14

फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 13

## श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

**मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित**

## हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की



• सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण




**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **21** राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग | **18** लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात | **16** करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट | **55** उम्मीदवार मैदान में हैं उत्तराखंड के | **35** लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान | **41** हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं | **95** सौ पोलिंग पार्टियां उत्तराखंड के बूथ पर |

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।







पूरे देश में पोलिंग पार्टियां लोकतंत्र के महापर्व के लिए केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं।



हल्द्वानी समेत विभिन्न राज्यों में मतदान केंद्रों पर जातीं पार्टियां।

### उत्तराखंड की पांचों संसदीय सीटों पर होगा मतदान

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज मतदान होना है। प्रदेश में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश की पांच संसदीय सीटों पर 55 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज होगा। 83 .37 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसदों को चुनेंगे। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए आज सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने से पूर्व राजनैतिक दलों के अभिकर्ताओं के सामने मॉक पोल होगा। राज्य में मतदान के लिए 11729 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं। देर शाम तक लगभग 10 हजार बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई थीं। राज्य में 1365 क्रिटिकल और 809 वल्नरेबल बूथ बनाए गए हैं। प्रदेश की पांच संसदीय सीटों पर 83 .37 लाख से अधिक मतदाता लोकसभा सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान करेंगे। इस आम चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्रियों, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी हुई है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी समेत समेत 10 उम्मीदवार हैं। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा समेत 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हरिद्वार संसदीय सीट पर भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, कांग्रेस के वीरेंद्र रावत व निर्दलीय उमेश कुमार समेत 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। टिहरी संसदीय सीट पर भाजपा से माला राज्य लक्ष्मी समेत 11 और गढ़वाल संसदीय सीट पर भाजपा के अनिल बलूनी व कांग्रेस के गणेश गोदियाल समेत 13 प्रत्याशी हैं।

## एक नजर

### हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

### प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

**कानपुर।** प्रो . मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीर्थीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था।



### बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है।

## ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

**नयी दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

## शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

नयी दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी



• ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

## सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

**लखनऊ।** सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

## रिजर्व बैंक ने 5 सहकारी बैंकों पर ठोंका 60.3 लाख जुर्माना

मुंबई, एजेंसी

• जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल से भी होगी 5 लाख की वसूली
• नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर कुल 60.3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) और जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल (कोटद्वार, उत्तराखंड) पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक (देहरादून) पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्रत्येक मामले में, जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंकों द्वारा अपने संबंधित ग्राहकों के साथ किए गए समझौते के किसी भी लेनदेन की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

## कार डिवाइडर से टकराई दो बच्चों सहित चार की मौत

**एटा।** एटा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी थी। जबकि दूसरा युवक चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। पांच लोग घायल हो गए। मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम साथिनी निवासी विनोद कुमार का सबसे बड़ा पुत्र रवि (35) और सबसे छोटा पुत्र 24 वर्षीय कुलदीप नोएडा में काम करते थे। कुलदीप की 24 अप्रैल को शादी थी। इसीलिए दोनों भाई नोएडा से कार से घर लौट रहे थे। साथ में रवि की पत्नी रंजना, बेटी आराध्या (6), अदिति (1), पुत्र आदित्य (5) भी थे।

## जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

जींद, एजेंसी

• इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## तेज हवा के चलते नहीं उतर सकी फ्लाइट, दिल्ली लौटी

**पंतनगर ।** इंडिगो की दिल्ली से बृहस्पतिवार को पंतनगर आने वाली फ्लाइट संख्या 6ई 7324 तेज हवा के कारण पंतनगर में लैंड नहीं कर सकी। इसको पंतनगर रनवे के ऊपर तीन चक्कर लगाने के बाद मुरादाबाद डायवर्ट कर दिया गया। लेकिन फ्लाइट यहां भी लैंड नहीं कर सकी और हवा में चार चक्कर लगाने के बाद वापस दिल्ली लौट गई। इस फ्लाइट में दिल्ली से पंतनगर के लिए 65 यात्रियों ने अपनी टिकट बुक कराई थी। जबकि वापसी में यही विमान फ्लाइट संख्या 6ई 7157 के रूप में उड़ान भरता है। जिसमें 55 यात्रियों ने टिकट बुक कराई थी।

## जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

नयी दिल्ली, एजेंसी

**हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब




• चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

## सार-संक्षेप



भीमताल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### महिलाओं को बताए लैंगिक उत्पीड़न से बचाव के तरीके

**भीमताल :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में गुरुवार को राइट ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड भीमताल में साक्षरता शिविर लगाया गया। इसमें नवाब खान ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक, मानसिक व आर्थिक विषय पर उत्पीड़न की जानकारी उपलब्ध कराई। विशाखा अधिनियम के बारे में बताकर अवगत कराया कि महिलाएं अपनी लैंगिक उत्पीड़न संबंधी समस्याओं के बारे में शिकायतें दर्ज कर सकती हैं। साथ ही आंतरिक कमेटी का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना है। अधिनियम 2013 का पालन नहीं होने पर महिलाएं अपनी शिकायतें जिलाधिकारी को भी दे सकती हैं। इस दौरान जिला विधिक तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के ऑनलाइन पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी शिकायत जिला विधिक तथा राज्य विधिक की ओर से ऑनलाइन भी दर्ज कर सकते हैं। इस मौके पर मानव तस्करी, बाल विवाह, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस आदि विषय पर भी विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई।



मल्लीताल कमेटी लाइन में लगे भंडारे में प्रसाद लेते लोग। ● अमृत विचार

### मंदिर के वार्षिक उत्सव पर सुंदरकांड का पाठ, लगाया भंडारा

**नैनीताल :** मल्लीताल कमेटी लाइन में स्थित शिवालय मंदिर के चौथे वार्षिक उत्सव के अवसर पर नीरज जोशी की ओर से मंदिर में सुबह पूजा अर्चना, हवन, यज्ञ और सुन्दरकांड किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भांडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजन जोशी, मंजू जोशी, नंदाबल्लभ जोशी, रीना जोशी, ललित मोहन जोशी, चंद्रा जोशी, नीरज जोशी, तनुजा जोशी, बोबी शाह, मोनिका शाह आदि लोग मौजूद थे।



नैनीताल माउंट ट्रेनिंग क्लब में प्रशिक्षण लेता अयोध्या से आए छात्रों का दल।

### अयोध्या के बच्चे सीख रहे हैं आपदा से निपटने के गुर

**नैनीताल :** नई शिक्षा नीति के तहत स्कूली पाठ्यक्रम में आपदा के विषय को शामिल किए जाने के बाद अयोध्या से 102 स्कूली छात्र-छात्राओं का दल आपदा प्रबंधन और रॉक क्लाइंबिंग के गुरु सीखने के लिए नैनीताल पहुंचा है। जहां छात्र-छात्राओं को रॉक क्लाइंबिंग, रैप्लिंग, बोल्डरिंग, बेलेइंग, एंकरिंग, लंबी पिच समेत विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। नैनीताल माउंट ट्रेनिंग क्लब के सचिव अमित साह ने बताया कि अयोध्या से आए छात्रों के दल को पांच दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा, ऊंची बिल्डिंग, पहाड़ी से रस्सी के माध्यम से उतरने, एक पहाड़ी से दूसरी पहाड़ी तक जाने और आपदा के दौरान दूसरे की जान बचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### मेट्रोपोल से अतिक्रमण हटाया, अब दूसरे क्षेत्र में हो रहा कब्जा

**नैनीताल :** शहर के रुकुड क्षेत्र में इन दिनों तेजी से अवैध निर्माण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण की शिकायत जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय में कर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का आरोप है कि बीते दिनों मैट्रोपोल क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद बाहरी क्षेत्र के लोग रुकुड में अतिक्रमण कर रहे हैं। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। अगर जल्द ही क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगी तो मुख्यमंत्री शिकायती पोर्टल पर शिकायत दर्ज की जाएगी। वहीं क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण मामले में जिला विकास प्राधिकरण की जेई मीनाक्षी ने बताया कि स्थानीय युवक ने क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत की है।

## कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, अल्मोड़ा

पत्रांक : 895/ 29-55/ (मतदान अपील) 2024 **प्रेस नोट** दिनांक : 18 अप्रैल, 2024

लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादनार्थ, 03-अल्मोड़ा (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जनपद अल्मोड़ा के समस्त 06 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 48-द्वाराहाट, 49-सल्ट, 50-रानीखेत, 51-सोमेश्वर (अ०जा०), 52-अल्मोड़ा, 53-जागेश्वर, के समस्त सम्मानित मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 19 अप्रैल, 2024 को प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे एक जनपद अल्मोड़ा के कुल 920 मतदेय स्थलों पर मतदान सुनिश्चित होना है, जिस हेतु मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थलों पर मतदाता की पहचान हेतु फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा आयोग द्वारा अनुमोदित निम्न दस्तावेजों से मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जायेगी :-

| क्र.सं. | मतदाता की पहचान हेतु वैकल्पिक दस्तावेज |
|---|---|
| 1 | आधार कार्ड। |
| 2 | मनरेगा, जॉब कार्ड। |
| 3 | बैंक / डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक। |
| 4 | श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड। |
| 5 | ड्राविंग लाइसेंस। |
| 6 | पैन कार्ड। |
| 7 | एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड। |
| 8 | भारतीय पासपोर्ट। |
| 9 | फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज। |
| 10 | केन्द्र / राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र। |
| 12 | सांसदों/ विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये सरकारी पहचान पत्र और। |
| 13 | यूनिक डिसएबिलिटी आई डी० (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार। |

अतः जनपद के समस्त सम्मानित मतदाताओं से अपील की जाती है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर देश की लोकतांत्रिक परम्परा की मर्यादा को रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्धारित मतदान केन्द्र में जाकर अपनी-2 भागीदारी सुनिश्चित कर अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग आवश्यक रूप से करने का कष्ट करेंगें।
किसी भी समस्या के लिए मतदाता द्वारा टोल फ्री नम्बर 05962-1950 तथा जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05962-298952, 05962-298949 एवं 05962-297727 पर कॉल की जा सकती है।

(विनीत तोमर)
जिला मजिस्ट्रेट /
जिला निर्वाचन अधिकारी
अल्मोड़ा

# पर्यटन कारोबारी चुस्त, प्रशासन सुस्त

## अब तक बैठक न होने और यातायात प्लान न बनने पर कारोबारियों में नाराजगी बढ़ी

**लेटलतीफी**
- मैदानी क्षेत्र में गर्मी बढ़ने से जिले के पर्यटक स्थल गुलजार होने लगे
- पर्यटन सीजन शुरू होने के बाद भी प्रशासन नहीं गंभीर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मैदानी क्षेत्रों में अब गर्मी बढ़ने लगी है। गर्मी से बचने के लिए पर्यटक अब नैनीताल समेत अन्य पर्वतीय क्षेत्रों का रुख करने लगे हैं। इस कारण नैनीताल समेत जिले के सभी पर्यटक स्थल गुलजार होने लगे हैं।

पर्यटकों के स्वागत के लिए पर्यटन कारोबारी पूरी तरह से तैयार हैं मगर पुलिस ने अभी तक पर्यटक स्थलों के लिए यातायात प्लान और व्यवस्था नहीं की है। ना ही पर्यटन कारोबारियों के साथ अब तक कोई बैठक की है, जिससे कारोबारी आने वाले मुख्य पर्यटन सीजन के लिए चिंतित नजर आ रहे हैं।

पर्यटन सीजन शुरू होने से पूर्व पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर बैठक होती थी जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था से लेकर पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर कारोबारियों से सुझाव मांगे जाते थे ताकि पर्यटन सीजन में पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो मगर अब तब पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक न होने से कारोबारी आने वाले मुख्य सीजन को लेकर चिंतित हैं।



नैनीताल का दीदार करने पहुंचे विदेशी पर्यटक। ● अमृत विचार

### शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर कोई प्लान नहीं

नैनीताल में पर्यटन सीजन और वीकेंड के दौरान पर्यटकों की भीड़ और शहर में लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए अब कोई बेहतर प्लान तैयार नहीं हो सका है, जिससे आने वाले दिनों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, हालांकि होली के दौरान वीकेंड पर पुलिस ने नैनीताल जाने के लिए वन वे प्लान तैयार किया था, जिससे नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर वाहनों का दबाव कम रहा।

“नैनीताल में पर्यटन को लेकर पुलिस और प्रशासन के बीच बात चल रही है। पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों के लिए यातायात व अन्य सुविधाओं को लेकर अच्छी व्यवस्था की जाएगी। जल्द ही पर्यटन से जुड़े लोगों के साथ बैठक होगी। -**सुमित पांडे**, सीओ, नैनीताल

“अप्रैल का महीना लगभग बीतने को है, लेकिन प्रशासन की ओर से कारोबारियों के साथ कोई बैठक नहीं की गई है ना ही कोई सुझाव मांगे गए हैं। जिससे आगामी पर्यटन प्रभावित होगा। -**दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष, होटल एसोसिएशन, नैनीताल

# भीमताल में अवैध बोट स्टैंड बनाकर हो रहा अतिक्रमण

संवाददाता, भीमताल



**अमृत विचार:** भीमताल झील इन दिनों गंभीर अतिक्रमण की चपेट में है। यह अतिक्रमण सड़क पर नहीं बल्कि पानी में है। भीमताल में स्थान-स्थान पर बोट संचालकों ने सिंचाई विभाग से अनुमति लिए बगैर ही बोट स्टैंड बना दिए हैं।

यह बात बोट स्टैंड बनाने तक ही सीमित होती तो भी ठीक था। पर पानी में अतिक्रमण का असर अब सड़क पर दिखाई देने लगा है। सड़क पर यातायात जाम की स्तिथि है। इन बोट स्टैंड के संचालकों ने अपने-अपने बोट स्टैंड से बोट का संचालन अधिक से अधिक हो इसके लिए कुछ युवक सड़क पर खड़े कर रखे हैं जो पर्यटकों व अन्य लोगों को आवाज लगाकर अपने बोट स्टैंड की ओर आर्कषित करते हैं। वहीं कभी-कभी दोपहिया वाहन से भी युवक झील में बोटिंग के लिए आकर्षित करने के लिए अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिसके चलते हड़बड़ी में बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा होता है। इसके साथ ही यातायात जाम लगना आम बात हो गई है। रोज मार्ग से गुजरने वालों के साथ इन युवाओं की झड़प भी होती रहती है। स्थानीय प्रभावित जनता ने जिला प्रशासन से भीमताल में बोट का संचालन कुछ ही चिन्हित स्थानों से करने की मांग की है।

**नियम ताक पर**
- बोट संचालकों पर सिंचाई विभाग से अनुमति लिए बगैर ही जगह-जगह बोट स्टैंड बनाने का आरोप

“भीमताल में जितने भी अवैध बोट स्टैंड बने हैं उन सबको एक स्टैंड में सम्मिलित करना चाहिए, जिससे कि आने वाले सीजन में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे। नहीं तो भीमताल डांठ से मल्लीताल जाने में सीजन के दौरान जाम के कारण आधे से एक घंटा लगता है। इमरजेंसी सेवा एंबुलेंस को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन इस और विभाग उदासीन है। -**देवेन्द्र फतर्याल**, अध्यक्ष, बोट चालक कल्याण समिति

# पहाड़ी से गिरे पत्थर, चपेट में आने से बचा यात्री वाहन

संवाददाता, गरमपानी

**खतरा**
- पहाड़ की आग से राख होने के बाद अब गिरने लगे पत्थर
- दिनभर खतरे के बीच आवाजाही करते रहे स्थानीय लोग व पर्यटक

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पाडली क्षेत्र में गुरुवार को उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जब पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से मैक्स यात्री वाहन बाल-बाल बच गया। उसके बाद काफी देर तक मार्ग पर आवाजाही बंद रही। थोड़े समय के पश्चात कुछ लोगों ने साहस दिखाकर यात्रा शुरू की लेकिन दिन भर खतरे के बीच वह आवाजाही करते रहे। देर शाम तक हाईवे पर गिरे पत्थरों को नहीं हटाया जा सका जिससे जोखिम दोगुना हो गया।

हाईवे पर दुर्घटनाओं के लिहाज से अतिसंवेदनशील पाडली क्षेत्र में पहाड़ी से एकाएक पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। आवाजाही कर रहा यात्री वाहन चपेट में आने से बाल बाल बच गया। गनीमत रही कि वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। लगातार पत्थर गिरने से अन्य वाहन चालकों ने वाहन रोक लिए। लगातार पत्थर गिरने से हड़कंप मच गया। पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का क्रम थमने के बाद वाहन चालकों ने जान जोखिम में डाल आवाजाही शुरू की। क्षेत्रवासियों के अनुसार हाईवे से सटी पहाड़ी आग की चपेट में आकर राख हो चुकी है। ऐसे में तेज हवा चलने पर पहाड़ी से पत्थर गिरने शुरू हो जाते हैं। देर शाम तक पत्थरों को नहीं हटाने से दो पहिया वाहन चालक कई बार रपटने से बचे। पत्थरों को नहीं हटाए जाने से लोगों ने गहरी नाराजगी जताई।


# अधोमानक दूध आपूर्ति में मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं व आंचल फैक्ट्री रायपुर देहरादून के दूध में मिलावट कर अधोमानक दूध की आपूर्ति किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने इस मामले में जनहित याचिका दायर कर कहा कि वर्ष 2016 में लालकुआं दुग्ध उत्पादक संघ ने बदायूं की नीलकंठ डेयरी से दूध मंगाया था। जिन टैंकरों से दूध आया उनका वजन तक नहीं किया गया, जब वजन हुआ तो उनमें 3-4 हजार लीटर दूध कम मिला। 20 अक्टूबर 2021 को फिर इसी डेयरी से 48 टैंकर दूध मंगाया गया जिसका परीक्षण करने पर एल्कोहॉल की मात्रा पाई गई। 15 अक्टूबर 2022 को आंचल डेयरी रायपुर देहरादून ने प्राची डेयरी से दूध खरीदा। जब इस दूध की 4 जनवरी 2023 को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जांच की तो दूध में मेलामाइन की मात्रा अधिक मिली। जनहित याचिका में कहा गया कि मैलामाइन एक कार्बन रसायन है जिसका उपयोग डेयरी उत्पादों के लिए किया जाता है। जब इसकी मात्रा मानक से अधिक हो जाती है तो इससे फेफड़ों की बीमारी हो जाती है जो बाद में कैंसर बन जाता है। याचिकाकर्ता ने इसमें शामिल दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए सारे सबूतों के साथ 10 जनवरी 2024 को राज्य के मुख्य सचिव, सचिव गृह व डीजीपी को प्रत्यावेदन दिया परन्तु उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की। मजबूरन उन्हें हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी। याचिका में सचिव डेयरी, गृह सचिव, खाद्य सचिव, डीजीपी, आंचल डेयरी के महाप्रबंधक, लालकुआं दुग्ध उत्पादक संघ के महाप्रबंधक, मैनेजिंग डायरेक्टर उत्तराखंड कॉपरेटिव डेयरी, पूर्व डेयरी सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, पूर्व डेयरी सचिव वीवीआरसी पुरुषोत्तम, मुकेश बोरा अध्यक्ष नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिलाधिकारी नैनीताल को पक्षकार बनाया है। गुरुवार को उन्होंने स्वयं पैरवी की।

### जब तक प्रत्यावेदन निस्तारित नहीं हो, शस्त्र जमा करने के लिए बाध्य नहीं किया जाए



**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नैनीताल के जिलाधिकारी को याची के प्रत्यावेदन का निस्तारण होने तक लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें आग्नेय शस्त्र जमा करने को बाध्य नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उनके प्रत्यावेदन पर दो हफ्ते के भीतर निर्णय लेने को कहा है। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। तल्लीताल थाना क्षेत्र निवासी मनमोहन समन व अन्य ने याचिका दायर कर कहा है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान आग्नेय शस्त्र जमा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा व्यक्तिगत मामलों में समीक्षा व मूल्यांकन किया जाना होता है। यदि सक्षम प्राधिकारी यह पाता है कि शस्त्र धारक हथियार का दुरुपयोग कर सकता है तो शस्त्रों को जमा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी लिखित रूप में शस्त्र धारक को एक उचित आदेश पारित करता है यह आवश्यक है लेकिन उनके मामले में ऐसा नहीं किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तल्लीताल थानाध्यक्ष से मांगी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ताओं का आग्नेय शस्त्र आत्मरक्षा के लिए उन्हीं के कब्जे में रहना उचित प्रतीत होता है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि जिलाधिकारी याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदन का निस्तारण कर देंगे। इसके बाद याचिका निस्तारित कर दी गई।

# 13 वर्ष पूर्व घायल जवान को मिलेगी पेंशन

संवाददाता, हल्दूचौड़



मोहन सिंह।

**अमृत विचार:** जम्मू-कश्मीर के नौसेरा सेक्टर में 1 जुलाई 2011 को अंबुश के दौरान दुश्मन की गोली लगने से कुमाऊं रेजिमेंट का जवान मोहन सिंह घायल हो गए। गोली लगने से वह अपनी एक किडनी गंवा चुके हैं। वह 2011 से आर्मी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझकर 24 नवंबर 2023 को कमांड हॉस्पिटल लखनऊ से बोर्ड आउट हुए। वर्तमान में भी व्हीलचेयर पर डायलिसिस के सहारे जिंदा हैं। वह पेंशन न मिलने के चलते बेहद जटिल आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी दौरान उक्त जवान की मुलाकात समाजसेवी पूर्व सैनिक कैलाश बिरखानी और प्रकाश गुरुरानी से हुई। जवान मोहन सिंह ने इन दोनों को आपबीती बताई, जिसके उपरांत दोनों समाजसेवी पूर्व सैनिकों ने पेंशन अनुभाग सीडीए इलाहाबाद को पत्राचार कर पेंशन आदेश करा दिया। जल्द ही देश सेवा में हताहत हुए नायक मोहन सिंह को पेंशन मिलने लगेगी। वर्तमान में उदयलालपुर हल्द्वानी में रह रहे मोहन सिंह ने पेंशन स्वीकृत कराने पर दोनों समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया।

### नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार मन्दोलिया



लक्ष्मी दत्त मन्दोलिया।

**रामनगर:** वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी दत्त मन्दोलिया नहीं रहे, 66 वर्षीय लक्ष्मी दत्त पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार को उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बता दें कि मन्दोलिया पूर्व में कई दैनिक समाचार पत्रों में काफी लंबे समय तक संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने सत्यकथा एवं मनोहर कहानियां जैसी पत्रिकाओं के लिए कई लोकप्रिय कहानियां लिखकर कहानीकार के रूप में भी प्रसिद्धि प्राप्त की। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्र, एक पुत्री को छोड़ गए। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र सौरभ एवं गौरव मन्दोलिया ने दी। स्थानीय पत्रकारों, राजनीतिक दल के नेताओं समेत अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### आज अस्पतालों में खुली रहेगी ओपीडी

**हल्द्वानी :** मतदान दिवस के दिन भी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी खुली रहेगी। जिससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी। शहर के प्रमुख डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय और राजकीय महिला अस्पताल में ओपीडी निर्धारित समय पर खुलेगी।

# कई वाहनों का चालान, एक गिरफ्तार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रामगढ़ व खैरना पुलिस की टीम ने शिंकजा कस दिया। खैरना पुलिस की टीम ने अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर ताबड़तोड़ चालान कर 6250 रुपये जुर्माना वसूला जबकि रामगढ़ पुलिस की टीम ने शराब के नशे में कार दौड़ा रहे वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हाईवे व ग्रामीण सड़कों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। खैरना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने खैरना के समीप विशेष अभियान चलाया। तेज रफ्तार, अधूरे कागजात, बगैर लाइसेंस व ओवरलोड लेकर वाहन दौड़ा रहे दस छोटे बड़े वाहनों के चालकों का एमबी एक्ट में चालान कर पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। शांति व्यवस्था भंग करने पर पांच लोगों पर पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर 1250 रुपये जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान जगदीश धामी, राजेंद्र सती, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे। उधर रामगढ़ क्षेत्र में चौकी प्रभारी दिलीप कुमार की अगुवाई में चले विशेष अभियान में निष्पक्ष चुनाव के मद्देनजर छोटे बड़े वाहनों की सघन तलाशी ली गई। अभियान के दौरान शराब के नशे में चूर होकर कार यूपी 21 बीएफ 0909 के चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

चौकी प्रभारी दिलीप के अनुसार कार सीज कर दी गई है जबकि चालक के लाइसेंस के निरस्तीकरण को भी आरटीओ हल्द्वानी को रिपोर्ट भेज दी गई है। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार के अनुसार यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



# आज जिले में 8,00,119 मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

## 4,15,657 पुरुष, 3,84,446 महिला और 16 ट्रांसजेंडर हैं मतदाता, 953 पोलिंग पार्टियां गुरुवार को बूथों के लिए हुईं रवाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**07** बजे सुबह से शुरू होगा मतदान जो शाम 5 बजे तक चलेगा, इस बीच जो मतदाता बूथ पर पहुंचेंगे मतदान कर सकेंगे

**06** विधानसभा सीटें नैनीताल, भीमताल, रामनगर, कालाढूंगी, हल्द्वानी, लालकुआं हैं जनपद में

**10** उम्मीदवार नैनीताल संसदीय सीट से चुनाव मैदान में, आज ईवीएम में बंद हो जाएगा भाग्य

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए जनपद नैनीताल में आज शुक्रवार को मतदान होगा। जिले के 8,00,119 मतदाता अपना सांसद चुनेंगे। मतदान संपन्न कराने के लिए गुरुवार को शेष 953 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं, जो देर रात तक सकुशल बूथों पर पहुंच गईं। दूरस्थ बूथों के लिए 57 पोलिंग पार्टियां बीते बुधवार को रवाना हुई थीं।

गुरुवार की सुबह 7 बजे से ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियां एमबीपीजी कॉलेज में पहुंचना शुरू हो गईं थी। सुबह 8 बजे के बाद चुनाव कार्मिकों को विधानसभा क्षेत्रवार ड्यूटी वितरित की गई। कर्मचारियों की सुविधा के लिए कई टेबल बनाई गई थी। यहां से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट व अन्य चुनावी प्रपत्र दिए गए। पोलिंग पार्टियों के बूथों पर ठहरने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। भोजन, बिस्तर सेट से लेकर सभी सुविधाएं दी गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम वंदना सिंह ने सभी पोलिंग पार्टियों को शुभकामनाएं दीं और मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए जनपद नैनीताल के 1010 बूथों पर 8,00,119 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 4,15,657 पुरुष, 3,84,446 महिला और 16 ट्रांसजेंडर हैं। सभी बूथों पर मतदान और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इधर, राजपुरा में चकाचक बूथ पर कुमाउंनी वेशभूषा में सजी महिलाओं ने पोलिंग पार्टी का पिठ्या लगाकर स्वागत किया।


हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज से बूथ के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार


राजपुरा में चकाचक बूथ पर पोलिंग पार्टी का पिठ्या लगाकर स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

| विधानसभा क्षेत्र | शहरी | ग्रामीण |
|---|---|---|
| लालकुआं | 29 | 113 |
| भीमताल | 7 | 150 |
| नैनीताल | 48 | 117 |
| हल्द्वानी | 183 | – |
| कालाढूंगी | 101 | 116 |
| रामनगर | 45 | 101 |
| कुल | 413 | 597 |

(नोट :– यह आंकड़ा जिला सूचना विभाग की ओर से दिया गया है)

### नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार मैदान में

**हल्द्वानी :** नैनीताल–ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा से अजय भट्ट, कांग्रेस से प्रकाश जोशी, बसपा से अख्तर अली, उक्रांद से शिव सिंह, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अखलेश कुमार, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) अमर सिंह सैनी, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी से जीवन चंद्र उप्रेती, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से सुरेंद्र सिंह उम्मीदवार हैं। इन सभी उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएगा।

### हल्द्वानी में चार बूथ हैं कुछ अलग

निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सर्वाधिक युवा मतदाता वाला बूथ एमबी इंटर कॉलेज कक्ष संख्या–1, सखी बूथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा हैं, यहां सर्वाधिक 668 महिला मतदाता हैं। दिव्यांग बूथ कुष्ठ आश्रम में बना है जहां 66 दिव्यांग मतदाता और यूनिक बूथ राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमौरी हल्द्वानी हैं जहां 25 बुजुर्ग मतदाता हैं।

### फोटोयुक्त वोटर आईडी नहीं है तो इन दस्तावेजों से कर सकते हैं मतदान

**हल्द्वानी :** उपजिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि किसी मतदाता का नाम सूची में दर्ज है, लेकिन फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। 12 दस्तावेज हैं जिन्हें दिखाकर मतदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई की ओर से जारी किया स्मार्ट कार्ड, केंद्र/राज्य/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से जारी किया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद/विधायक/विधान परिषद की ओर से जारी किए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है।


जिले के सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दिशा निर्देश देते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार।

### ईवीएम-पोलिंग पार्टी ले जाने-लाने वाले वाहनों की लगातार निगरानी की जाए

**हल्द्वानी :** सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने गुरुवार को एमबीपीजी कॉलेज स्थित चुनाव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम और पोलिंग पार्टियों की आवाजाही में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से लगातार निगरानी करने को कहा। उन्होंने जनपद के 505 बूथों पर वेब कास्टिंग में कैमरे को सही ढंग से संचालन, सुचारु रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। इस तरह वीडियोग्राफी की जाए कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, नोडल अधिकारी एमसीएमसी शिव चरण द्विवेदी मौजूद रहे।

### जरूरी काम से आने-जाने वाले वाहनों को मिलेगी राहत

**हल्द्वानी :** एमसीएमसी नोडल अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आमजन को आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन में कोई परेशान नहीं हो, इसके लिए आवागमन कर सकते हैं, उनके वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। उन्होंने जनता से सिर्फ जरूरी काम होने पर ही निकलने की अपील की है।

# 1010 बूथ मतदान के लिए पूरी तरह तैयार : डीएम

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम वंदना सिंह ने गुरुवार को एमबीपीजी कॉलेज स्थित मीडिया सेंटर में चुनाव की तैयारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जनपद में 1010 बूथों के लिए 1010 पोलिंग पार्टियां और 110 पार्टियां रिजर्व में हैं। इस तरह कुल 1120 पोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं। चुनाव में कुल 4490 अधिकारी-कर्मी लगाए गए हैं, इनमें 225 महिला कर्मी हैं जो सखी बूथों पर बतौर स्टाफ तैनात की जाएंगी। जनपद में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श, सखी, दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं। ईवीएम व पोलिंग पार्टियों की आवाजाही के लिए 300 बसें व 186 छोटे कुल 486 वाहन लगे हैं। सभी वाहन जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से लैस है ताकि वाहनों की निगरानी हो सके। उन्होंने बताया कि 505 बूथों पर वेबकास्टिंग होगी। इनमें कैमरे लगाकर चेक कर लिए गए हैं। इनसे लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जिसका डिस्प्ले सीधे कंट्रोल रूम व डीएम कार्यालय में होगा। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर 183 माइक्रो ऑब्जर्वर व 39 रिजर्व में हैं। जनपद में 18 बूथ ऐसे हैं जहां नेटवर्क नहीं है वहां पुलिस के रेडिया सेट और आपदा प्रबंधन का वायरलैस सेट लगाया गया है ताकि हर दो घंटे की अपडेट मिलती रहे।

डीएम ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। 3361 पुलिस कर्मी के अतिरिक्त 2 कंपनी पीएसी, 7 कंपनी सीएपीएफ की लगाई गई है। शराब की दुकानें 17 अप्रैल की शाम 5 बजे से 19 अप्रैल की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। आचार संहिता लागू होने के बाद 7014 शस्त्र जमा कराए गए। उन्होंने बताया कि प्रचार प्रसार के लिए 358 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 37 आवेदक ने निरस्त किए 283 को अनुमति दी गई और 38 रिजेक्ट कर दिए गए।

### वाहनों की लोकेशन ट्रेस न होने पर जताई नाराजगी

**हल्द्वानी :** डीएम वंदना सिंह ने गुरुवार को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से वाहनों की लोकेशन देखने पहुंचीं। उन्होंने रैंडम ही एक गाड़ी की लोकेशन दिखाने को कहा, लेकिन वहां मौजूद तकनीकी स्टाफ वाहन की लोकेशन ट्रैक नहीं कर सका। इस पर डीएम नाराज हो गईं। उन्होंने एआरटीओ को फटकार लगाई। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाए। उन्होंने एआरटीओ से तुरंत प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा, ताकि शुक्रवार को मतदान के बाद वाहनों की वापसी की लोकेशन ट्रेस हो सके।

### मीडिया के वाहनों पर नहीं है रोक

**हल्द्वानी :** एमसीएमसी नोडल अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान वाले दिन मीडिया प्रतिनिधियों एवं समाचार पत्र के बंडलों को ले जाने वाले वाहनों पर कोई प्रतिबंध नही होगा। मीडिया को निर्वाचन आयोग की ओर से कवरेज पास निर्गत किए हैं। स्वयं के वाहनों से कवरेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मीडिया वाहनों में कोई चुनाव सामग्री अथवा अन्य सामग्री ले जाने पर पाबंदी रहेगी। इसका उल्लघंन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नैनीताल के 40 बूथों पर 35 हजार मतदाता करेंगे मतदान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को देर शाम तक पोलिंग पार्टियां बूथों तक पहुंच गईं, जहां पर पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। उसके बाद पोलिंग टीम ने व्यवस्था का पुनः जायजा लिया, जिससे कि शुक्रवार सुबह मतदान के दौरान कोई व्यवधान पैदा ना हो।

इस दौरान मतदाताओं व पोलिंग टीम के लिए सभी बूथों में पीने के पानी व शौचालयों की भी उचित व्यवस्था की गई। वहीं माल रोड स्थित नर्सरी स्कूल को पिंक बूथ बनाया गया है, जहां पर पीठासीन अधिकारों सहित सभी कर्मचारी महिलाएं होंगी। मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।


पोलिंग पार्टी का स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

नैनीताल नगर पालिका क्षेत्र में कुल 40 बूथ बनाये गए हैं, जहां पर 35 हजार मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने चाक–चौबंद व्यवस्था की है। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से भी सभी मतदाताओं से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की गई है।

## मतदान स्थलों से 100 मीटर पहले खड़े होंगे वाहन, धारा 144 लागू

**हल्द्वानी :** मतदान को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है। 19 अप्रैल को मतदान स्थलों पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। वाहन मतदान स्थल से सौ मीटर पहले खड़े किये जायेंगे। वाहनों के निजी उपयोग पर मनाही नहीं होगी, लेकिन सामूहिक इस्तेमाल नहीं होगा। इसके अलावा धारा 144 लागू रहेगी। जिसके तहत चार या 4 से अधिक लोग एक साथ नहीं खड़े हो सकेंगे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जिले में चौकसी के सख्त निर्देश हैं। जिले में दाखिल होने वाले हर वाहन को चेक किया जाएगा। मतदाता स्थल पर भी तैनात पुलिस बल को भी निर्देश दिया गया है। पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। मतदान स्थल पर सिर्फ मतदाता जा सकेंगे। हालांकि मतदान स्थल के भीतर मतदाता भी फोन का प्रयोग नहीं कर सकेंगे।

## छोटी कद की महिला रेखा ने वोट देकर दिया मतदान का संदेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जनपद नैनीताल की सबसे छोटी कद की रेखा ने अपना वोट देकर सभी को मतदान करने का संदेश दिया है। भीमताल के खपाल दुधली गांव की निवासी रेखा की लंबाई 111 सेमी. है। 32 वर्षीय रेखा दिव्यांग हैं और पिछले चुनावों तक उन्हें मतदान केंद्र में जाकर मतदान करना पड़ता था, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने विशिष्ठ मतदाता के तौर पर पहली बार घर से ही मतदान किया। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे मजबूत हथियार है, इसलिए मतदाता होने पर गर्व महसूस करें।




मंडी समिति बूथ पर पोलिंग पार्टी का तिलक लगा कर स्वागत करतीं महिलाएं।

## रामनगर विधानसभा के 146 बूथों पर आज होगा मतदान

**रामनगर:** गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। राजस्व विभाग की ओर से पोलिंग बूथों पर मतदान कर्मचारियों के लिए रात के ठहरने और भोजन का इंतजाम किया गया है।

उपजिलाधिकारी रामनगर राहुल शाह ने बताया कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में 146 बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। बूथों से मतदाताओं के लिए पर्चियों का वितरण शाम को ही शुरू करा दिया गया। सभी मतदान केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। इधर, मंडी परिसर स्थित बूथ पर पोलिंग पार्टी के पहुंचने पर महिलाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

**साइबर अपराध** लुटी रकम वापस चाहिए तो बिना समय गंवाए करें 1930 पर फोन या टोल फ्री नंबर 155260 पर करें शिकायत

# गूगल से संभलकर पूछें सवाल, इंटरनेट पर जालसाजों का जाल

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गूगल के पास हर सवाल का जवाब है, लेकिन जवाब सही है या गलत ये आपको तय करना है। गलत जवाब पर क्लिक से जीवन भर की कमाई साफ हो सकती है। इसलिए साइबर क्राइम का शिकार हों तो बिना समय गंवाए सबसे पहले 1930 पर फोन करें या 8171200003 पर और टोल फ्री नंबर 155260 पर भी शिकायत कर सकते हैं। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि साइबर क्रिमिनल न सिर्फ सर्च इंजन पर बल्कि ई-मेल, व्हाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय हैं। किसी भी प्रलोभन वाले विज्ञापन के झांसे में न आएं। साइबर क्रिमिनल का शिकार बनने पर तुरंत पुलिस को फोन करें। उन्होंने लोगों से अज्ञात व्यक्ति के फोन और मैसेज से सावधान रहने की अपील की है।

### पैसे दे दिए, नहीं आया आई फोन

**1** केशवपुरम छड़ायल सुयाल निवासी रामेश्वर प्रसाद आर्या के इंस्टाग्राम आईडी पर आई फोन 13 प्रो का विज्ञापन और नंबर दिख रहा था। उक्त नंबर पर मिले व्यक्ति ने खुद को एमोजोन कम्पनी का प्रतिनिधि बताया और फोन की कीमत 55,850 रुपए बताई। बुकिंग पर तीन दिन में डिलीवरी की बात कही। उन्होंने बुकिंग की अग्रिम धनराशि भेज दी, लेकिन फोन आज तक नहीं आया।

### एक झटके में 7 लाख 80 हजार रुपए साफ

**2** समीर विहार कुसुमखेड़ा निवासी विनोद कुमार लोहुमी ने डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सिंपल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी की वेबसाइट सर्च की। उन्हें डीलरशिप भी मिल गई और रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर विनोद ने 7,80,000 लाख रुपए जमा कराए। फिर माल डिलीवर के लिए एडवांस मांगा तो शक हुआ।

### एक लिंक पर क्लिक और साफ हो गया खाता

**3** गौजाजाली बिचली निवासी महेश चंद्र जोशी का गुड़गांव में एक फ्लैट है। फ्लैट को किराए पर लेने के लिए जयकिशन सैनी नाम के व्यक्ति का फोन आया और उसने खुद को आर्मी का अफसर बताया। उसने किराया और एडवांस के लिए 30 हजार रुपए पेटीएम करने की बात कही और एक लिंक पेटीएम एकाउंट पर भेज दिया। इस लिंक को खोलते ही महेश के खाते से 30 हजार रुपए साफ हो गए।

### गूगल सर्च किया और लग गई 90 हजार की चपत

**4** हीरानगर कालाढूंगी रोड निवासी रितेश गोपाल का मोबाइल हैंग हो रहा था। इसकी शिकायत करने के लिए रितेश ने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। नंबर पर फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी ने रितेश से उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड समेत तमाम जरूरी जानकारी हासिल कर ली। इसके कुछ ही पल बाद रितेश के खाते से 91110 रुपए साफ हो गए।

### बिना लिए लोन पास, हजारों की रकम साफ

**5** जाग्रति विहार कॉलोनी छड़ायल नायक निवासी कमल पांडे ने क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक के कस्टमर केयर से बात की। कस्टमर केयर अधिकारी का फोन वापस आया और बोला, गलती से उनके खाते में 3 लाख 78 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। उनसे बैंक का ऐप इस्तेमाल करने को कहा। उसी शाम क्रेडिट कार्ड से 5053 रुपए कट गए।

### गूगल पर सर्च कर शिकार बन गए महेंद्र

**6** पीपलपोखरा नंबर 2 फतेहपुर निवासी महेंद्र सिंह नेगी को पतंजलि में योग शिविर के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना था। उन्होंने गूगल पर पतंजलि का नंबर सर्च किया। जो नंबर मिला, महेंद्र ने उस पर संपर्क किया। जालसाज ने 45 हजार रुपए जमा करा लिए। बाद में दो लाख 45 हजार रुपए और मांगे। जिस पर ठगी का एहसास हुआ।

## सीएम के रोड शो में कटी नेताओं की जेब

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीते बुधवार को हुए रोड शो में जेब कतरों ने कई नेताओं की जेब काट दी। जबकि रोड शो में भारी भीड़ के बीच पुलिस भी बड़ी संख्या में मौजूद थी। कई नेताओं ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। मुख्यमंत्री का रोड शो कालाढूंगी रोड स्थित पशु चिकित्सालय के पास से शुरू हुआ था।

रोड शो में प्रदेश स्तर के लगभग सभी बड़े नेता मौजूद थे। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत भी थे। चोरों ने शशांक रावत के आईफोन पर हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा भाजपा के एक पूर्व जिलाध्यक्ष का मोबाइल और घड़ी भी चोरी कर ली।

लालकुआं नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन पवन चौहान की जेब भी कटी। उनके पर्स में करीब ढाई हजार रुपये थे। कोतवाली प्रभारी उमेश मलिक का कहना है कि मामले में शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

# 17 दिन में 320 हेक्टेयर जंगल जलकर हुए राख

संवाददाता, हल्द्वानी



**वनाग्नि**

▶▶ प्रदेश में 280 से अधिक स्थानों पर हुई घटनाएं

**अमृत विचार :** वनाग्नि की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। वन विभाग के मुताबिक प्रदेश में 1 से 17 अप्रैल तक 320 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हुआ है। वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

कुमाऊं मंडल और गढ़वाल मंडल के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुमाऊं मंडल के करीब 19 स्थानों पर जंगल धधक रहे हैं। पिथौरागढ़ जिले के शिलिंग, खतेड़ा, थल में हतेजी, मल्ली गोल, आमथल बलतिर और झूलाघाट में बडालू, किल्ल, रज्यूड़ा, खिछड़ा के जंगलों में आग लगी है। वहीं अल्मोड़ा जिले में रानीखेत के भुजान, बमस्यूं, तितालीखेत व सैनी के जंगलों में भी आग लगी हुई है। नैनीताल जिले के बेलुवाखान और गरमपानी और चंपावत जिले में पाटी से लगे जंगलों में भी आग लगी है। वन विभाग के मुताबिक आग से करीब 320 हेक्टेयर जंगल जल गया है। उत्तराखंड फॉरेस्ट फायर के एपीसीसीएफ निशांत वर्मा ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग लगने की घटनाओं का सत्यापन कर रहे हैं। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि कितने जंगल अभी तक आग की चपेट में आ चुके हैं।

# पिंजरे में नहीं फंसा आदमखोर बाघ, भड़क उठे ग्रामीण

## बाघ के हमले में मारे गए युवक का अंतिम संस्कार, ड्रोन से भी नहीं मिला बाघ का ठिकाना, सीटीआर प्रशासन के खिलाफ रोष

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बासीटीला गांव में बुधवार को बाघ के हमले में युवक की मौत के बाद कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लगाए पिंजरे में अब तक हिंसक बाघ नहीं फंस सका है। बाघ को ट्रेस करने के लिए लगाए गए कैमरे और ड्रोन से भी उसका पता नहीं लग सका। इस बीच गुरुवार दोपहर गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बता दें कि सीटीआर के ढेला रेंज स्थित मनोरथपुर बासीटीला में बुधवार शाम करीब 7 बजे फसल की देखभाल करने जा रहे प्रमोद ऊर्फ पप्पू तिवारी को बाघ ने मार डाला था। घटना के बाद ढेला रेंज की ओर से लगाए गए पिंजरे में बाघ गुरुवार शाम तक भी नहीं फंसा। घटनास्थल पर बुधवार रात लगाए गए कैमरा ट्रैप में भी वह ट्रैस नहीं हो सका। सीटीआर इसकी वजह अभी खेतों में गेहूं की फसल खड़ी होना मान रहा है। इसके लिए ड्रोन उड़ाकर हमलावर बाघ की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश भी सफल नहीं हो सकी। गुरुवार शाम बाघ को पकड़ने के लिए सीटीआर ने एक और पिंजरा लगा दिया है। घटना के बाद से ही बासिटीला क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बड़ा दी गयी है। साथ ही ध्वनिविस्तारक यंत्रों से बाघ के न पकड़े जाने तक रात्रि में सुरक्षा की दृष्टि से अकेले न निकलने की अपील वन कर्मी कर रहे हैं। बाघ के न पकड़े जाने से ग्रामीणों में सीटीआर प्रशासन के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है।


रात में पिंजरा लगाते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### नवंबर से अब तक बाघ के हमले में मारे गए लोग

- 9 नवंबर 2023 को तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज के हाथीडगर में पूजा देवी को बाघ ने मारा।
- 12 नवंबर 2023 को कॉर्बेट पार्क के ढिकाला में नेपाली मजदूर शिवा गुरुम को बाघ ने मौत के घाट उतारा।
- 23 नवंबर 2023 को कॉर्बेट पार्क के ढिकाला रेस्ट हाउस के पास बाघ ने नेपाली श्रमिक रामबहादुर को मारा।
- 6 दिसंबर 2023 को कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज के अंतर्गत पटरानी की अनीता देवी को बाघ ने मारा।
- 27 जनवरी 2024 को रामनगर वन प्रभाग के चुकुम गांव में शौच करने गए गोपाल राम को बाघ उठा ले गया।
- 28 जनवरी 2024 को कॉर्बेट के ढेला रेंज में सांवल्दे पश्चिमी की दुर्गा देवी को बाघ ने मार डाला।
- 19 फरवरी को सावल्दे में कलावती को बाघ ने खा लिया
- 17 अप्रैल 2024 को प्रमोद तिवारी को बाघ ने मारा।

## मृतक की पत्नी को दिया सहायता राशि का चेक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** सीटीआर की ओर से गुरुवार सुबह पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता के लिए 1.80 लाख का चेक दिया गया। सीटीआर के पार्क वार्डन अमित ग्वासकोटी ने इस हादसे में गहरा दुख जताते हुए मृतक प्रमोद की पत्नी मंजू को सहायता राशि का चेक दिया। कहा कि दुख की इस घड़ी में सीटीआर परिवार दिवंगत आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना करता है।

उधर मनोरथपुर और लालूपुर बासीटीला की ईडीसी ओर से हाथी सुरक्षा दीवार (एलीफेंट वॉल) को बासीटीला से सेमलखलिया तक बनाने की मांग की है, ताकि गांव को सुरक्षित रखा जा सका। इस बारे में पूछे जाने पर पार्क निदेशक डा. धीरज जोशी ने मांग पर प्रस्ताव बनाकर शाशन स्तर से कार्रवाई किये जाने का भरोसा दिलाया।

> हिंसक बाघ को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं। कैमरा ट्रैप और ड्रोन के जरिये भी बाघ की लोकेशन ढूंढी जा रही है। ट्रैंकुलाइज टीम को भी उसे पकड़ने के लिए लगाया गया है। उम्मीद है कि हमलावर बाघ जल्द पकड़ा जाएगा।
> –**डा. धीरज पांडे**, निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व


मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### परिजनों को 25 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए

**रामनगर :** बासी टीला गांव में प्रमोद तिवारी उर्फ पप्पू को बाघ द्वारा मारे जाने पर संयुक्त संघर्ष समिति में दुख व्यक्त किया। आदमखोर बाघ को तुरंत पकड़ने की मांग कर मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि क्षेत्र में बाघों के साथ ही अन्य जंगली जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आम आदमी की जान का खतरा बढ़ता जा रहा है। जंगल जाना तो दूर अब खेतों में काम करना भी मुश्किल हो चुका है। आए दिन बाघों का खतरा क्षेत्र में बना रहता है। आजकल किसान अपने खेतों में गेहूं की फसल को काट रहा है तो दूसरी तरफ बाघ के हमले में मारे गए पप्पू के घर में कोहराम मचा हुआ है। संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि मृत व्यक्ति के परिवार को 25 लाख का मुआवजा तुरंत दिया जाए। उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। बाघ को तुरंत पकड़ा या मारा जाए। गांव वालों की सुरक्षा वन विभाग द्वारा गश्त लगाकर की जाए। कॉर्बेट प्रशासन और वन विभाग द्वारा अगर यह नहीं किया गया तो आने वाले समय में कमेटी की बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म कराया गर्भपात

**रामनगर, अमृत विचार :** मालधन के शिवनाथपुर क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती के गर्भवती होने पर युवक शादी से मुकर गया और उसका गर्भपात करा दिया।

ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली में शिकायत दी कि ग्राम शिवनाथपुर नई बस्ती मालधन के युवक से उसका परिचय हुआ। उनमें आत्मीयता बढ़ने लगी तो युवक ने उससे शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। पीड़ित ने बताया कि वह गर्भवती हुई तो युवक गर्भपात कराने का दबाव डालने लगा। गर्भपात कराने पर ही शादी करने की बात कहने लगा। युवक के दबाव में वह गर्भपात के लिए तैयार हुई।

अब शादी की बात करने पर युवक गाली-गलौज और मारपीट करने पर उतारु हो रहा है। उसने उसे कई बार जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली के एसएसआई प्रथम मोहम्मद यूनुस ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


नैनीताल के दोगांव क्षेत्र के जंगल में लगी आग को बुझाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### आग से धधके जंगल, टीम ने पाया काबू

**नैनीताल :** जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को नैनीताल के दो गांव क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लग गई। जंगल में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जंगल में लगी आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए मनौरा रेंज के रेंजर मुकुल शर्मा ने बताया कि अज्ञात लोगों ने देर रात जंगल में आग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं दोपहर बाद एक बार फिर नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग से लगे जंगल में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने जंगल में लगी आग पर काबू पाया।

### अल्मोड़ा में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन के बाद भी जाम

**अल्मोड़ा :** गुरुवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होने का अंतिम होने के कारण यातायात व्यवस्था का दुरुस्त रखने के लिए पुलिस महकमे ने जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था में फेरबदल तो किया। लेकिन पुलिस प्रशासन की यह कवायद रंग नहीं ला पाई। तमाम प्रयासों के बाद भी गुरुवार को जिला मुख्यालय के अनेक स्थानों पर घंटों जाम लगा रहा। जिस कारण पोलिंग पार्टियों को ले जा रहे वाहनों के साथ ही स्कूल बसों और इधर उधर से आने जाने वाले यात्री वाहनों को भी जाम का सामना करना पड़ा। यातायात को सुचारू करने में पुलिस के छक्के छूट गए। देर शाम बड़ी मुश्किल से आवाजाही सामान्य हो सकी।

### मवेशियों को आवारा छोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

**बागेश्वर :** नगर में आवारा मवेशियों को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर पालिका को फटकार भी लगाई है। उसके बाद गुरुवार को पालिका ने आठ मवेशियों को रीमा स्थित गोशाला भेजा है। इसके बावजूद अभी भी कई मवेशी नगर में विचरण कर रहे हैं। नगर में घूमने वाले आवारा मवेशियों को लेकर लंबे समय से पालिका उदासीन बनी थी। मवेशी पुल, सार्वजिनक स्थल के अलावा सड़क पर जाम की स्थिति पैदा कर रहे थे। शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने पालिका को सख्त दिशा-निर्देश दिए। जिसके बाद आठ मवेशियों को वाहनों में भर कर गोशाला को भेजा गया।


कालाढूंगी में चेपा रोग से प्रभावित आम की फसल। ● अमृत विचार

### चेपा रोग लगने से आम के बागवान परेशान

**कालाढूंगी :** अबकी बार आम के पेड़ों पर अच्छा फल आया, लेकिन चेपा रोग लगने से बागवान व ठेकेदार परेशान हैं। चेपा रोग से आम को बचाने के लिए बागवान व ठेकदार महंगी कीटनाशक दवा का प्रयोग कर रहे हैं। चकलुवा, कालाढूंगी, कोटाबाग व बैलपड़ाव में बड़ी मात्रा में आम की पैदावार होती है। ठेकेदार अनीस, नूर, आनंद, कौशल सैनी, राहुल ने बताया कि अभी तक चेपा रोग से बचाव के लिए दो बार कीटनाशक दवाओं का स्प्रे किया जा चुका है, लेकिन खास राहत नहीं मिल रही है। कीटनाशक के छिड़काव के चलते जहां बागवानों व ठेकेदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वहीं आम भी स्वास्थ्य की दृष्टी से हानिकारक होगा। चेपा रोग में आम पेड़ से गिरना शुरू हो जाता है जो आम पेड़ से नहीं गिरता है वह काला पड़कर खराब हो जाता है।

### ड्राई डे में शराब बेचते पकड़ा गया तस्कर, 120 पव्वे बरामद किए

**हल्द्वानी :** ड्राई डे में शराब बेचते पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि शिवपुरम कमलुवागांजा मुखानी निवासी उदय सिंह बिष्ट को शराब बेचते हुए पकड़ा गया है। सूचना मिली थी कि उदय आंचल डेयरी के पास शराब की बिक्री कर रहा है। आरोपी के पास से देसी शराब के 120 पव्वे बरामद हुए हैं। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।


मंगलपड़ाव पुलिस की हिरासत में शराब तस्कर। ● अमृत विचार

## आदि कैलाश यात्रा के लिए 370 लोगों ने कराई बुकिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आदि कैलाश के दर्शन को यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने यात्रा के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। अब तक करीब 370 लोगों ने यात्रा के लिए बुकिंग कराई है।

आदि कैलाश यात्रा 13 मई से शुरू हो जाएगी। केएमवीएन के मुताबिक 10 से 80 वर्ष तक के लोग यात्रा में शामिल हो सकते हैं, लेकिन बुकिंग के दौरान यात्रियों को अपनी मेडिकल रिपोर्ट जमा करानी होगी। जिसके बाद धारचूला पहुंचने पर भी उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। केएमवीएन के अधिकारियों ने बताया कि धारचूला से आगे वातावरण में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है, इसलिए यात्रियों का स्वस्थ होना आवश्यक है।

काठगोदाम से शुरू होने वाली यात्रा 8 दिनों में पूरी होगी, जिसमें पहला पड़ाव पिथौरागढ़ और दूसरे दिन यात्री धारचूला पहुंचेंगे। तीसरे दिन गुंजी, चौथे दिन आदि कैलाश के दर्शन के बाद वापस गुंजी आएंगे, पांचवें दिन ओम पर्वत के दर्शन के बाद धारचूला पहुंचेंगे और छठे दिन यहां से चकौड़ी, सातवें दिन यात्री दल पाताल भुवनेश्वर और जागेश्वर धाम के दर्शन करके भीमताल में रुकेंगे।

> कोरोना की वजह से पिछले साल यात्रियों की संख्या कम थी, लेकिन इस बार संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।
> –**ललित तिवारी**, पर्यटन विकास अधिकारी, केएमवीएन

## वन गुर्जरों की बस्ती में लगी आग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मालधनचौड़ से लगे कुमगडार में गुरुवार दोपहर गुर्जरों की बस्ती में भीषण आग लग गई। आग से तीन आवासीय कच्चे घर और मवेशियों के छह गोठ जलकर खाक हो गए। घटना के समय इस गुर्जर बस्ती से बारात 20 किलोमीटर दूर गई थी, इसलिए हादसे के समय मौके पर सिर्फ महिलाएं और बच्चे थे। गुर्जरों के अनुसार यह हादसा जंगल की झाड़ियों में लगी आग से निकली चिंगारियों के कारण हुआ।

कुमगडार में गुरुवार सुबह मोहम्मद बशीर के बेटे करीम की शादी थी। सुबह के समय बारात ठंडापानी क्षेत्र में गई थी। बताया गया कि इस बीच घर के एक छप्पर में आग लग गई। घर की महिलाओं ने बारात में गए लोगों को सूचना दी, जब तक लोग घर की ओर दौड़ते, आग से गायों की छह गोठ और तीन रिहायशी कच्चे घर पूरी तरह जल गए। लोगों ने किसी तरह मवेशियों को खोलकर गोठों से बाहर भगाया और उनकी जान बचाई। आग से मवेशियों के लिए रखा सूखा चारा पुआल और भूसा भी जल गए। आग में शादी के लिए आया टैंट हाउस का सामान, जेनरेटर और बाइक भी जल गई। आग से मोहम्मद बशीर, सुलेमान और तस्लीम के घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक सब कुछ जल कर खाक हो गया। पीड़ितों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गुर्जरों के अनुसाार आग लगने की वजह जंगल की झाड़ियों में लगी आग से निकली चिंगारी रही, हालांकि आमपोखरा रेंजर पूरन सिंह खनायत ने कहा कि झाड़ियों में आग गुर्जरों की बस्ती से बहुत दूर थी, इतनी दूर तक चिंगारी नहीं पहुंच सकती। आग लगने की वजह का पता लगााया जा रहा है।


भीषण आग लगने के बाद जले हुए छप्पर को देखते वन गुर्जर। ● अमृत विचार

## केसरी सदन बना ओवरऑल विजेता

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित अंतरसदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में लव सदन, मिडिल वर्ग में सिंह सदन, सीनियर वर्ग में केसरी सदन एवं बालिका वर्ग में केसरी सदन ने जीत दर्ज की। सभी वर्गों में समग्र रूप से (ओवरऑल विजेता) केसरी सदन विजयी रहा।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जूनियर वर्ग में कैडेट अभिनव प्रताप ने, मिडिल वर्ग में अभिजीत सिंह राणा ने, सीनियर वर्ग में विकास खरोला ने एवं बालिका वर्ग में सृष्टि गंगवार ने अपने नाम किया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब जूनियर वर्ग में शौर्य प्रताप, मिडिल वर्ग में प्रशांत कुमार, सीनियर वर्ग में सोनू कपकोटी, बालिका वर्ग में यांगचन लामो ने हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ स्कोरर का मेडल जूनियर वर्ग में युवराज सिंह, मिडिल वर्ग में लोकेश रावत, सीनियर वर्ग में आयुष कपकोटी एवं बालिका वर्ग में रिया नेगी को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह डंगवाल ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि केवल विजयी होना ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए। खेल को खेल की मूल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने पराजित टीम को साहस और उत्साह के साथ अपना मनोबल बढ़ाकर खेल में पुनः भाग लेने के लिए प्रेरित किया और साथ ही उन्हें सफलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।


सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में विजेता टीम के खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

## गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण रहे परेशान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी में हो रही बिजली कटौती ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी का कारण बन रही है। शहरी क्षेत्रों में तो विभाग प्राथमिकता पर फाल्ट सही कराता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसे अनदेखा कर दिया जाता है।

ज्योलीकोट क्षेत्र के गांवों में लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। यहां के दर्जनों गांवों को रोजाना फाल्ट के कारण घंटों अंधेरे में रहना पड़ता है। इतना ही नहीं रोजाना दिन में चार घंटे तक की कटौती की जा रही है। सुबह दस बजे के बाद दोपहर दो बजे तक बिजली गायब हो जाती है। वहीं शाम को लाइट आने के बाद भी रात दस बजे तक आती जाती रहती है।

सप्ताह में चार दिन ऐसा होता है। हमेशा ट्रांसफॉर्मर में दिक्कत होने के चलते इससे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। गेठिया (भूमियाधार) फीडर से जुड़े गांवों में ट्रांसफॉर्मर लोगों के लिए संकट हैं। यहां से जुड़ने वाले गांव गेठिया, वीरभट्टी, छीड़ा, गांजा, ज्योलीकोट समेत आसपास के गांवों में लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

### किल्लत

- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली नहीं मिलने से रोष
- ट्रांसफॉर्मर में दिक्कत के चलते आपूर्ति ठप हो रही

## गेहूं की फसल जलकर राख

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** कालाढूंगी बंदोबस्ती में बिजली की चिंगारी से तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। विद्युत विभाग के झूलते तारों से आये दिन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो रही है। विगत दो दिन पहले बैलपड़ाव में भी बिजली की तारों से निकली चिंगारी से फसल जल गयी।

ग्रामीणों ने गुरुवार को दिन में तेज हवाओं के चलते कुआंडांट निवासी जीवन सिंह के खेतों के उपर झूल रही बिजली की तारों के आपस में टकाराने से चिंगारी से आग गई। आग से गांव में अफरा तफरी मच गयी। जीवन सिंह ने बताया कि गेहूं काटने के बाद मढाई की तैयारी थी। इससे पहले ही आग से साल भर की फसल का नुकसान हो गया। इस मौके पर बिजली विभाग के जेई दीपक बिष्ट ने मौका मुआयान किया।

**तैयारी** | अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलेगा प्रवेश

## 10 मई से तरणताल में गोता लगाएंगे तैराक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 10 मई से तरणताल खोल दिया जायेगा। जिससे तैराकों को प्रशिक्षण लेने में आसानी होगी। हालांकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तैराकों को प्रवेश दिया जायेगा।

तरणताल को अप्रैल माह में ही खोला जाना था, लेकिन साफ-सफाई पूरी न होने के कारण अब इसे मई माह में खोलने की तैयारी चल रही है। वर्तमान में तरणताल की सफाई का काम तेजी से चल रहा है। साथ ही इसमें नए सिरे से पानी भी भरा जाएगा। तरणताल में 12 वर्ष से कम उम्र के तैराकों को प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही जो व्यक्ति पूरी तरह से तैराकी जानता हो उसे ही कोच की ओर से ट्रायल लेने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। जिला खेल कार्यालय रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तैराक तैराकी कर पाएंगे।

जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि तरणताल की सफाई व निर्माण का कार्य चल रहा है। काम पूरा होने के बाद तैराकों के लिए तरणताल 10 मई के बाद से खोल दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तैराकों को प्रवेश मिलेगा।


गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम। ● अमृत विचार

### हर माह देना होगा शुल्क

**हल्द्वानी :** तरणताल में तैरीकी के लिए तैराकों को विभिन्न आयु वर्ग के तहत 1500 से लेकर 2000 रुपये तक का शुल्क देना होगा। 15 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले तैराकों को 1500 रुपये और 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले तैराकों को 2 हजार रुपये हर माह शुल्क देना होगा। जबकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तैराकों के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगी। वहीं 2 लाइफ गार्ड और 1 कोच की नियुक्ति तरणताल में होगी।



# गर्मी का प्रकोप, बढ़े डिहाइड्रेशन के मरीज

## बेस अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन पहुंच रहे 10 से 15 मरीज, चिकित्सक मरीजों को दवा के साथ दे रहे बचाव की सलाह

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तापमान में धीरे-धीरे उछाल आ रहा है। दिन के समय गर्म हवाएं और धूल के गुबार उड़ रहे हैं। पारा बढ़ने से लोग डीहाईड्रेशन (पानी की कमी) की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे मरीज प्रतिदिनि सरकारी और निजी अस्पताल में उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को दवा के साथ बचाव की सलाह दे रहे हैं।

अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। दिन के समय तेज धूप पड़ रही है। हल्द्वानी में उड़ रहे धूल के गुबार से राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। लोग सिर ढककर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनीता निखुर्पा ने बताया कि ऐसे मौसम में लोगों के शरीर में पानी की समस्या होना आम बात हो जाती है। डिहाइड्रेशन होने के साथ ही डायरिया की शिकायत बढ़ जाती है।

अस्पतालों में डिहाइड्रेशन से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन ओपीडी में 10 से 15 मरीज डिहाइड्रेशन के पहुंच रहे हैं। इन मरीजों को दवा के साथ ही बचाव की सलाह दी जा रही है।



### क्या करें

- जरूरी होने पर ही दोपहर में बाहर निकलें।
- पानी, छाछ, रसेदार फलों का सेवन करते रहें।
- हल्का व घर का बना ही भोजन लें।
- दोपहर में निकलें तो सिर ढक लें।
- बच्चों को बाहर का खाना न खिलाएं।
- माताएं बच्चों को स्तन धोकर दूध पिलाएं।

### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- शरीर में कमजोरी महसूस होना।
- पेशाब के रंग में पीलापन आना।
- दस्त की समस्या व बुखार आना।

## 37 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, उड़े धूल के गुबार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े में ही गर्मी अपना रंग दिखा रही है। दोपहर के समय जहां लोग तेज धूप से परेशान हैं तो वहीं दिन में गर्म हवाओं के साथ उड़ रहे धूल के गुबार लोगों की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को हल्की बूंदा-बांदी का अनुमान जताया है।

शहर में सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। पूर्वान्ह के साथ ही गर्मी का असर और भी अधिक बढ़ रहा है। गुरुवार को दोपहर के समय दिन में गर्म हवाएं चलीं और साथ ही धूल के गुबार भी उड़े। हवा इतनी तेज थी लोगों का वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया। शाम तक तेज हवाएं चलती रहीं। गुरुवार को शहर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इन दिनों रात को भी तापमान में उछाल आ रहा है। न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार शहर में जल्द ही लू चल सकती है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार शुक्रवारको हल्की बूंदा-बांदी और तेज हवाएं चल सकती हैं। उसके बाद मौसम फिर से गर्म हो जाएगा। अगले सात से 10 दिनों में गर्मी और भी ज्यादा असहनीय हो जाएगी।



रामपुर रोड पर दोपहर के समय उड़ती धूल। ● अमृत विचार

### पहाड़ में भी चढ़ा पारा

**हल्द्वानी :** गर्मी का असर केवल मैदानी इलाकों में ही नहीं, बल्कि पहाड़ी इलाकों में भी तापमान में उछाल आ रहा है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। अल्मोड़ा में भी अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पहाड़ों में भी दिन के समय अपेक्षाकृत तेज धूप निकल रही है।

### 15 से 20 दिन चलेगी लू

**रुद्रपुर :** अलनीनो के कारण इस बार 15 से 20 दिन तक लू चलने की संभावना है। आम तौर पर छह से सात दिन ही लू चलती थी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी की मात्रा 17 फीसदी रही, जबकि पश्चिम दिशा से 17.7 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

# सीटी स्कैन के लिए करना पड़ रहा है 5 से 6 दिन का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**15** सौ से 2000 मरीजों के सीटी स्कैन हर माह होते हैं एसटीएच में

**50** से अधिक सीटी स्कैन हो रहे हैं प्रतिदिन

**अमृत विचार :** कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में सीटी स्कैन के लिए मरीजों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। रोजाना 50 से अधिक सीटी स्कैन होने के बावजूद मरीजों को पांच से छह दिन बाद की तिथि मिल रही है।

एसटीएच में प्रतिदिन 50 से 60 मरीजों के सीटी स्कैन किए जाते हैं। हर माह करीब 1500 से 2000 मरीजों के सीटी स्कैन अस्पताल में होते हैं, लेकिन वर्तमान में भीड़ अधिक होने के कारण सीटी स्कैन के लिए मरीजों को पांच से छह दिनों बाद की तिथि मिल रही है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खराब होने से मरीजों का भार एसटीएच पर आ गया है। बेस अस्पताल में रोजाना पांच से 10 मरीजों के सीटी स्कैन होते थे। मशीन खराब होने के कारण यहां आने वाले मरीजों को एसटीएच रेफर किया जा रहा है। जिस वजह से सीटी स्कैन के लिए मरीजों की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जा रही है। निजी अस्पतालों की अपेक्षा एसटीएच में सीटी स्कैन आधी दरों में होता है। लोगों का कहना है कि जरूरत को देखते हुए अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन और स्टाफ को बढ़ाया जाना जरूरी है। पूरे कुमाऊं के मरीज रेफर होकर एसटीएच में आते हैं।



### गंभीर मरीजों को मिलती है तुरंत सुविधा

**हल्द्वानी :** एसटीएच में आने वाले गंभीर मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा तुरंत मुहैया कराई जाती है। हालांकि इससे प्रतीक्षा सूची और बढ़ जाती है। अस्पताल में विगत दिनों मशीन खराब होने के बाद समस्या बढ़ गई थी। चिकित्सकों के अनुसार सिर की चोट में सीटी स्कैन कराना आवश्यक होता है। अगर जरूरत पड़ती है तब एमआरआई कराई जाती है।



> एसटीएच में प्रतिदिन क्षमता के अनुसार मरीजों का सीटी स्कैन किया जाता है। सीटी स्कैन के लिए नंबर लगता है, लेकिन आपातकालीन स्थिति में तुरंत ही सीटी स्कैन कराया जाता है। -**डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

# मनाही के बावजूद धुलाई केंद्रों में हजारों लीटर पानी की बर्बादी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक ओर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत को लेकर हाहाकार मचा है। वहीं दूसरी ओर शहर में संचालित धुलाई केंद्रों में रोजाना हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। जबकि जिला प्रशासन और जल संस्थान विभाग ने धुलाई केंद्रों में पानी के उपयोग पर रोक लगाई है।

रामपुर रोड, नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड और बरेली रोड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह धुलाई केंद्र खुले हैं। यहां हर रोज सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों की धुलाई होती है। छोटे वाहन को धुलने में सौ लीटर से अधिक व बड़े वाहन की धुलाई में ढाई सौ लीटर से अधिक पानी बहाया जाता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही पेयजल किल्लत को देखते हुए बीते दिन जिला प्रशासन और जल संस्थान विभाग ने सभी धुलाई केंद्र संचालकों को पानी का दुरुपयोग न करने के आदेश दिये। साथ ही वाहनों की ड्राई धुलाई करने को कहा, लेकिन इस आदेश का संचालकों पर कोई असर नहीं दिख रहा है पर जिम्मेदारी अधिकारी इस ओर आंखें मूंदकर बैठे हैं। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली का कहना है कि शहर में जिन धुलाई केंद्रों में पानी की बर्बादी हो रही है, उन्हें चुनाव के बाद नोटिस जारी किया जायेगा।


हल्द्वानी स्थित एक धुलाई केंद्र में पानी से कार की धुलाई करता कर्मचारी।

## जीएनजी व हिमालयन एकेडमी ने जीता मैच

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग में गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच वेंडी क्रिकेट एकेडमी व हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। वेंडी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38वें ओवर में सभी विकेट खोकर 161 रन बनाए।

जवाब में उतरी हिमालयन क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम ने 47वें ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। टीम के लिए गौरव जोशी ने 91 रनों का योगदान दिया। दूसरा मुकाबला हल्द्वानी क्रिकेट क्लब व जीएनजी के बीच हुआ। हल्द्वानी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39वें ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन बनाये। जवाब में उतरी जीएनजी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 17वें ओवर में बिना विकेट खोए 10 विकेट से मैच जीत लिया।

# छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में प्रोफेसर बरी

### मामला

- तिथि निकलने के बाद छात्रा प्रोफेसर पर बना रही थी एसाइनमेंट जमा करने का दबाव
- मना करने पर दर्ज कराया था मुकदमा, बिना जांच पुलिस ने की प्रोफेसर की गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बात मानने से इनकार करने पर एक नाबालिग छात्रा ने प्रोफेसर के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने बिना जांच किए मुकदमा दर्ज कर प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह ने छात्रा और विवेचक के खिलाफ सख्त टिप्पणी करते हुए प्रोफेसर को बरी कर दिया।

जीके गौतम हल्दूचौड़ स्थित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। महाविद्यालय में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ने प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रा के पिता की तहरीर पर लालकुआं पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ 24 सितंबर 2021 को धारा 354 क व 354 ग और पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। उसी दिन पुलिस ने प्रोफेसर को गिरफ्तार किया और न्यायालय से उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रोफेसर की ओर से पैरवी कर रहे हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा ने बताया कि वर्ष 2021 में लॉकडाउन लगा था। महाविद्यालय ने छात्रों से कहा कि वह मेल पर 15 सितंबर 2021 तक और 20 व 21 सितंबर को स्वयं उपस्थित होकर महाविद्यालय में एसाइनमेंट जमा कर सकते हैं, लेकिन आरोप लगाने वाली छात्रा ने एसाइनमेंट जमा नहीं किया। तिथि निकल जाने के बाद छात्रा प्रोफेसर पर एसाइनमेंट जमा करने का दबाव बनाने लगी। प्रोफेसर नहीं माने तो उनके खिलाफ मुकदमा लिखा दिया। छात्रा की ओर प्रस्तुत साक्ष्य प्रोफेसर पर लगे आरोप साबित नहीं कर पाए। जिस आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह द्वारा अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया।

### छात्रा और विवेचक के लिए न्यायालय की सख्त टिप्पणी

**हल्द्वानी :** छात्रा के जिस मोबाइल पर प्रोफेसर की बात हुई पुलिस ने उसे भी अपने कब्जे में नहीं लिया। दोनों के बीच हुई बातचीत को पेन ड्राइव में कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। फिर विवेचक ने भी मान लिया कि पेन ड्राइव में मौजूद बातचीत से छेड़छाड़ की जा सकती है। रिकॉर्डिंग में अश्लील वार्तालाप और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पीड़िता के साथ कोई घटना नहीं पाई गई। इस पर न्यायालय ने विवेचक उप निरीक्षक गुरमिंदर सिंह व उप निरीक्षक रजनी आर्य पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि मोबाइल में अभियुक्त ने अश्लील बातें नहीं की, बावजूद इसके गिरफ्तारी की गई। न्यायालय ने माना दोनों उपनिरीक्षक की भूमिका संदेहास्पद है। कहा कि छात्र का अपने शिक्षक के प्रति बिना कारण इस तरह का आरोप लगाना सभ्य समाज के लिए घातक है।



# युवक को पता नहीं चला और पास हो गए तीन लोन

- होम लोन के लिए बैंक पहुंचा युवक तो हुआ खुलासा
- क्रेडिट कार्ड भी हुए हैं जारी, शिकायत के बाद केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर बनाने के लिए एक युवक को लोन की जरूरत पड़ी। वह बैंक पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। पता लगा कि उसके नाम पर पहले से ही लोन चल रहा है और क्रेडिट कार्ड भी जारी हुए हैं। जबकि न तो कभी युवक ने लोन के लिए आवेदन किया था और न ही क्रेडिट कार्ड के लिए।

एक निजी कंपनी के मार्केटिंग विभाग में कार्यरत आदित्य गुप्ता जजी के पास अंबिका विहार फेज दो नैनीताल रोड में रहते हैं। आदित्य के मुताबिक उन्हें घर बनाने के लिए लोन की जरूरत थी। इसके लिए वह अपने बैंक गए। बैंक कर्मी ने जब सिविल चेक किया तो पता लगा कि उनके नाम पर पहले से ही लोन चल रहा है। उनके नाम पर तीन क्रेडिट कार्ड भी जारी हैं। एसएसपी को दी शिकायत में उन्होंने लिखा कि किसी ने उनके नाम से 40,816 रुपये के तीन लोन और तीन-तीन लाख रुपये की लिमिट के तीन क्रेडिट कार्ड लिए हैं। ये सारी जालसाजी बीते वर्ष दिसंबर और इस वर्ष जनवरी के बीच की गई है। जिसमें पता बेंगलुरु का है। न तो कहीं उनका फोन नंबर दर्ज है, न हस्ताक्षर और न ही इमेल आईडी। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मतदान से पहले शहर में सघन चेकिंग, रोक-रोक कर तलाशी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मतदान की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पुलिस की चौकसी अचानक बढ़ गई। जिले की सीमाओं पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई। शहर के भीतर भी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया।

आचार संहिता लगने के साथ ही सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई थी, लेकिन बीते गुरुवार को एसएसटी के साथ चेकिंग और सख्त की गई। गौला बाईपास पुल पर, मल्ला काठगोदाम चौकी के बाहर, काठगोदाम थाने के बाहर, इसी तरह कालाढूंगी रोड और बरेली रोड पर तीनपानी में सघन चेकिंग की गई। जबकि शहर में पुलिस की टीमें बंद शराब ठेकों के आस-पास गश्त करती रही। शराब के ठेके 19 अप्रैल की शाम 6 बजे खुलेंगे। पुलिस बनभूलपुरा क्षेत्र को लेकर भी संजीदा है। सड़क पर पैदल चलने वाले संदिग्धों को भी रोक-रोक कर पूछताछ कर तलाशी ली गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी और शांतिपूर्वक मतदान के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। सभी सर्किल अधिकारी और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमें विभिन्न स्थानों और जनपद की सीमा सघन चेकिंग कर रही हैं।


मतदान की पूर्व संध्या पर काठगोदाम नैनीताल रोड पर वाहनों की चेकिंग करती पुलिस।

## एक माह में ढह गई सिंचाई नहर की दीवार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौला बाइपास रोड के समीप सिंचाई के लिए एकमात्र नहर की सुरक्षा दीवार का निर्माण कुछ माह पूर्व हुआ था, लेकिन निर्माण के एक माह के अंदर ही सुरक्षा दीवार ढह गई। देवरामपुर टेल से भंडारी फार्म तक नहर की सुरक्षा दीवार जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसका लंबे समय बाद निर्माण हुआ था।

गुरुवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने नहर का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहर को मानक के अनुरूप नहीं मनाया गया। जिसके चलते नहर क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान राजेंद्र चंद्र दुर्गापाल, एनडी पांडे, हरीश चंद्र शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक सुमित ने तनुज पाठक को दी शुभकामनाएं


तनुज पाठक को मिठाई खिलाते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 72वी रैंक लाने वाले तनुज पाठक निवासी शीशमहल के आवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की।

विधायक ने कहा तनुज ने हल्द्वानी का नाम पूरे उत्तराखंड के साथ देश में रोशन किया है। आज ऐसे युवाओं की देश को जरुरत है, जो आने वाले समय में देश के कर्णधार बनेंगे। उन्होंने तनुज के माता पिता, गुरुजनों की भी प्रशंसा की। इस मौके पर पुष्पा सम्मल, दिवेश तिवारी, हर्ष मनकोटी आदि मौजूद थे।

**डेयरी** जनपद नैनीताल में वर्तमान में प्रतिदिन बिक रहा है 86 हजार लीटर दूध, आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है मांग

# दुग्ध उत्पादों की बढ़ी मांग, मई से उत्पादन में गिरावट की आशंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बाजार में दूध और इससे बनने वाले उत्पादों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन मई से दूध उत्पादन में कमी आने से उत्पादों को गिरावट आ सकती है।

त्योहार, विवाह कार्यक्रमों के अलावा गर्मी बढ़ने से दूध, दही, छांछ आदि उत्पादों की मांग बढ़ रही है। आंचल डेयरी का वर्तमान में नैनीताल जिले में करीब 86 हजार लीटर दूध प्रतिदिन बिक रहा है, जबकि पिछले साल इसी दौरान करीब 81 हजार लीटर प्रतिदिन बिका था। इसी तरह वर्तमान में दही 4400 किलो, छांछ 6600 लीटर व पनीर 1460 किलो प्रतिदिन बिक रहा है। आने वाले दिनों में बाजार में इन उत्पादों की मांग और अधिक बढ़ेगी।

पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के मौसम में धूप की तपिश बढ़ने से पशु दूध देना कम कर देते हैं। गर्मी से पशुओं में तनाव बढ़ जाता और सुस्ती आ जाती है, जिसका सीधा असर दूध की मात्रा पर पड़ता है। इसके साथ ही गर्मियों में हरे चारे की उपलब्धता भी कम हो जाती है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी मई माह से दूध व अन्य उत्पादों में कमी आ सकती है।

आंचल डेयरी के अधिकारियों का कहना है कि इस बार उत्पादन में अधिक अंतर नहीं आएगा। बीते तीन महीनों में जिले में पशुपालकों ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के तहत करीब 327 दुधारू पशु खरीदें हैं।

इसके साथ ही आंचल डेयरी की ओर से पशुपालकों को 50 से 70 प्रतिशत की सब्सिडी पर भूसा, साइलेज, चारा बीज, पशु आहार आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में करीब 1.20 लाख लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हो रहा है, जिसमें से वर्तमान में कुल खपत के बाद बचने वाले दूध को पाउडर में परिवर्तित करके स्टोर किया जा रहा है।



### बोले मार्केटिंग प्रभारी

> जिले में सैकड़ों पशुपालकों के दुधारू पशु खरीदने व पशुपालकों को सब्सिडी पर चारा आदि उपलब्ध कराए जाने से गर्मियों में भी बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार किए जाएंगे। - **संजय भाकुनी**, मार्केटिंग प्रभारी, आंचल

# लालकुआं व हावड़ा के बीच 25 अप्रैल से चलेगी समर स्पेशल रेल

संवाददाता, हल्द्वानी


**अमृत विचार :** यात्रियों की मांग के चलते रेलवे प्रबंधन ने लालकुआं-हावड़ा के बीच 25 अप्रैल से समर स्पेशल रेल चलाने का निर्णय लिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं से 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल का संचालन किया जाएगा।

रेल लालकुआं से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, सीतापुर, गोरखपुर, सीवान, छपरा, मुजफ्फरपुर, आसनसोल, दुर्गापुर समेत अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन रात 9.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

वहीं हावड़ा से 27 अप्रैल से 29 जून तक रेल का साप्ताहिक संचालन किया जाएगा। रेल में साधारण द्वितीय श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 6, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 5, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के एक कोच सहित कुल 18 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे।

### 20 को छपरा से लालकुआं पहुंचेगी स्पेशल रेल

**हल्द्वानी :** रेलवे प्रशासन ने गर्मियों में यात्रियों की मांग पर छपरा-लालकुआं ग्रीष्म कालीन एकल यात्रा विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। जो 20 अप्रैल को छपरा बिहार से सुबह 10 बजे चलेगी और गोरखपुर, लखनऊ, भोजीपुरा होते हुए अगले दिन सुबह 5.10 बजे लालकुआं रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसमें सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 13, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।




मतदान सामग्री की लिस्ट की जांच करातीं पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार


बगवाड़ा मंडी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी और एसएसपी। ● अमृत विचार


पैर में प्लास्टर के बाद भी ड्यूटी के लिए पहुंची शिक्षिका।

# लोकतंत्र का महापर्व आज, पहले मतदान फिर जलपान

## अगर घर नहीं पहुंचा वोटर आईडी तो 12 आईडी से करें मतदान, पोलिंग बूथ या अन्य जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर पर करें कॉल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए आज (शुक्रवार) सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मतदान पांच बजे तक होगा। अगर कोई मतदाता लाइन में खड़ा है और पांच बजे तक वोट नहीं डाल पाता है तो संबंधित बूथ पर पीठासीन अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट लाइन में खड़े मतदाताओं को पर्ची देकर उनसे मतदान कराएंगे।

ऐसे में अगर किसी कारणवश आपका वोटर आईडी कार्ड (ईपीआईसी) घर नहीं पहुंचा है तो मतदाताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। वे मतदान के लिए वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र का प्रयोग कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा पोलिंग बूथ और अन्य जानकारी के लिए बीएलओ की ओर से दी गई मतदाता सूचना पर्ची या टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

"अगर किसी मतदाता के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं पहुंचा है तो वे 12 अन्य आईडी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा पोलिंग बूथ या अन्य जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा।
–**उदयराज सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर


बगवाड़ा मंडी में निरीक्षण करते नोडल पुलिस चंद्रशेखर घोड़के और सीओ निहारिका तोमर। ● अमृत विचार

### मतदान के लिए इन 12 आईडी का कर सकते हैं प्रयोग

- मनरेगा जॉब कार्ड
- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
- फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- विशिष्ट विकलांगता आईडी कार्ड
- एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- सांसद, विधायक, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र

### जीपीएस व पीडीएमएस कंट्रोल रूम से जांची लोकेशन

**रुद्रपुर :** बगवाड़ा मंडी से जीपीएस लगे वाहनों एवं पीडीएमएस ऐप से लैस मतदान पार्टियां रूट चार्ट के अनुसार मतदेय स्थलों को रवाना हुईं। मतदान पार्टियों के रवानगी के बाद सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, व्यय प्रेक्षक टी शंकर व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने मंडी परिसर में स्थापित जीपीएस व पीडीएमएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मतदान पार्टियों की लोकेशन जांची। निरीक्षण के दौरान वीसी प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, नोडल पीडीएमएस शिप्रा पांडे ने बताया कि सभी मतदान पार्टियों के पीठासीन अधिकारियों के मोबाइल में पीडीएमएस ऐप डाउनलोड करा दिए गए हैं। जिससे मतदान पार्टियां अपने मतदान बूथ पर पहुंचने के साथ ही मतदान दिवस पर मॉक पोल कराने, मतदान प्रारंभ होने व प्रत्येक दो घंटे में मतदान की सूचना ऐप के माध्यम से एसएमएस कर सूचना देंगे।


मतदान पार्टियों की लोकेशन की जानकारी लेते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार।

## 13,37,607 मतदाता चुनेंगे पसंदीदा सांसद

- पुरुष मतदाता हैं 694191 और महिला मतदाता हैं 643376
- 40 थर्ड जेंडर मतदाता भी करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आज होने वाले मतदान में ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में 13,37,607 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या है 694191 है तो महिला मतदाताओं की संख्या 643376 है। इसके अलावा 40 ट्रांस जेंडर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। इसमें रुद्रपुर विधानसभा में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 201663 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की



संख्या 105851 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 95809 है। वहीं खटीमा विधानसभा में मतदाताओं की संख्या सबसे कम 122135 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 61939 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 60190 है।

### किस विधानसभा में कितने मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| जसपुर | 70501 | 62677 | 7 | 133185 |
| काशीपुर | 89988 | 83770 | 3 | 173761 |
| बाजपुर | 83122 | 76887 | 6 | 160015 |
| गदरपुर | 76844 | 72218 | 4 | 149066 |
| रुद्रपुर | 105851 | 95809 | 3 | 201663 |
| किच्छा | 76172 | 69306 | 3 | 145481 |
| सितारगंज | 66752 | 61363 | 6 | 128121 |
| नानकमत्ता | 63022 | 61156 | 2 | 124180 |
| खटीमा | 61939 | 60190 | 6 | 122135 |
| **कुल** | **694191** | **643376** | **40** | **1337607** |

## 1465 पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों पर पहुंचीं

- बगवाड़ा मंडी से मतदान सामग्री, ईवीएम, वीवीपैट लेकर रवाना
- सुबह से ही शुरू हो गया था बगवाड़ा मंडी में कार्मिकों के आने का सिलसिला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पुलिस सुरक्षा के बीच उधमसिंह नगर जनपद की सभी विधानसभाओं में की 1465 पोलिंग पार्टियां सुरक्षा बल के साथ मतदेय स्थलों को रवाना हुई। जो कि शाम तक अपने मतदेय स्थल पर पहुंच गईं। इससे पूर्व सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट सौंपे गए।

गुरुवार की सुबह से पोलिंग पार्टियों से जुड़े कार्मिकों का बगवाड़ा मंडी में आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की देखरेख में सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट सौंपे गए। सभी कार्रवाई पूरी होने के बाद पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों को रवाना हुईं। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों की हौसला अफजाई की व आपसी समन्वय के साथ टीम भावना से कार्य करते हुये अपने दायित्वों का भलिभांति निर्वहन कर मतदान संपन्न कराने को कहा। उन्होंने कहा कि सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ कराएं। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कराने के दौरान घबराने की जरूरत नहीं है। शालीनता से धैर्यपूर्वक कार्य कर पारदर्शिता से मतदान संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि बूथ के भीतर मोबाइल पूरी तरीके से प्रतिबंधित है। साथ ही प्रत्याशियों के बस्ते बूथ के 200 मीटर परिधि के बाहर लगाये जाएंगे। उन्होंने महिला मॉडल बूथ में तैनात महिला कार्मिकों की भी हौसला अफजाई करते हुए धैर्य के साथ कार्य कर पारदर्शिता से मतदान संपन्न कराने को कहा।

### पैर में प्लास्टर बांधकर ड्यूटी में पहुंची शिक्षिका

**रुद्रपुर :** बगवाड़ा मंडी परिसर में चुनाव ड्यूटी का फर्ज निभाने के लिए काशीपुर के मोहल्ला थाना साबिक के सरकारी विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका शमीम बानो पहुंची। शिक्षिका ने बताया कि भले ही उसके पैर में प्लास्टर बंधा हुआ है। उसे चलने में परेशानी हो रही है। लेकिन लोकतंत्र के चुनाव पर्व में अपना फर्ज निभाने के लिए वह पीछे नहीं हटेगी इसके लिए वह पूरी तरह तैयार है। इस दौरान वहां मौजूद एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने शिक्षिका के इस हौसले एवं जज्बे को सलाम करते हुए सराहना की।

### सुबह साढ़े 5 बजे से होगा मॉक पोल

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सुबह साढ़े 5 बजे मॉक पोल होगा। इस दौरान सभी पार्टियों के एजेंट भी मौजूद रहने चाहिए। उन्होंने बताया कि एजेंट का इंतजार 15 से 20 मिनट तक किया जाएगा।

### ये लोग रहे मौजूद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, वीसी प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, नोडल कार्मिक मनीष कुमार, नोडल पुलिस चंद्रशेखर घोड़के, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, नोडल वैलेट विवेक राय, नरेश चंद्र दुर्गापाल मौजूद रहे।

### सितारगंज में 1,28,121 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**सितारगंज :** सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में जहां एक ओर चुनावी शोरगुल कम रहा, वहीं मतदाता भी खामोश हैं। लोकसभा चुनाव में, सितारगंज विधानसभा क्षेत्र से, कुल 136 पोलिंग स्टेशनों पर 1,28,121 मतदाता, अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें महिला मतदाता 61,363 एवं पुरुष मतदाता 66,752 हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 6 हैं। 85 वर्ष से ऊपर मतदाता 997 एवं विकलांग मतदाता 1281 हैं। सर्विस मतदाताओं की संख्या 447 है। यह सभी मतदाता विधानसभा क्षेत्र के 136 पोलिंग स्टेशनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जसपुर में मतदान के लिए तैयारी पूरी

**जसपुर :** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

साथ ही मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां भी पहुंच गई हैं। वहीं मतदान केंद्रों में सुरक्षा का उचित प्रबंध किया गया है।



जसपुर के पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर बनाए गए बूथ।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल
पत्रांक : 2307/X-6 दिनांक : 18-03-2024
नोटिस
1- श्रीमती पासंग डोमा पत्नी स्व० श्री केशर सिंह, निवासी चार्टन लौज, मल्लीताल, नैनीताल।
2- श्री सोनम भोटिया, लोपसंग डोजे, कैलसंग डोलमा, सांगमो भोटिया पुत्र/पुत्री स्व० श्री केशर सिंह, निवासी चार्टन लौज मल्लीताल, नैनीताल।
आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 3, मकान नं० 299/2, चार्टन लौज कम्पा०, मल्लीताल, नैनीताल स्थित सम्पत्ति जो पालिका अभिलेखों में श्री शेर सिंह पु० श्री कैब सिंह के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।
उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।
उक्त सम्पत्ति के स्वामी श्री केशर सिंह पु० श्री कैब सिंह की मृत्यु उपरान्त, मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति शपथ पत्र की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्याकन सूची में अंकित स्वामी श्री केशर सिंह पु० श्री कैब सिंह के स्थान पर श्रीमती पासंग डोमा पत्नी स्व० श्री केशर सिंह का नाम स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।
अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नैनीताल

### गश खाकर गिरा कर्मी, हड़कंप

**रुद्रपुर :** बगवाड़ा मंडी परिसर में मतदान सामग्री वितरण के दौरान किच्छा विधानसभा के बनाये गये काउंटर में किच्छा नगर पालिका में कार्यरत पर्यावरण मित्र अरुण गश खाकर गिर गया। इससे वहां खलबली मच गयी। आनन–फानन में मतदान कर्मी को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार दिया गया।


बगवाड़ा में गश खाकर गिरा कर्मी।

### पोलिंग स्टेशनों के आसपास के अस्पतालों के साथ अनुबंध

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पोलिंग स्टेशनों का संबंधित अस्पतालों से अनुबंध किया गया है। ताकि किसी की तबीयत खराब होने के बाद उपचार किया जाएगा।

## काशीपुर में भी तैयारियां पूरी 98 केंद्रों पर होगा मतदान

- चुनाव के चलते सीमाएं सील
- 15 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। काशीपुर के 202 बूथों पर मतदान होना है। 15 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस ने विशेष नजर रहेगी। उधर चुनाव के चलते बॉर्डर भी सील कर दिया है।

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होने है। चुनाव को लेकर पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। गुरुवार को पोलिंग पार्टियों के पहुंचते ही मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। मतदान केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 भी लागू की गई है। काशीपुर क्षेत्र में 98 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है। जिनमें से 15 संवेदनशील मतदान केंद्र है। जिन पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। इन मतदान केंद्रों पर पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स के अतिरिक्त जवान तैनात रहेगे। वही चुनाव के चलते यूपी से सटी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है और सीमाओं पर पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती सघन चेकिंग के लिए की गई है।


काशीपुर में मतदान की तैयारी करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सीओ अनुषा बडोला ने सभी से निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि काशीपुर क्षेत्र में 98 मतदान केंद्रों पर पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स व होमगार्ड आदि की तैनाती की गई है। साथ ही 15 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

## दायित्व के प्रति सजग बनाने के लिए लगाए गए मतदान बैच

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** 85 फीसदी मतदान के लक्ष्य प्राप्ति को सफल बनाने के लिए दायित्व के प्रति मतदान कर्मी सजग रहें, इसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को बैच लगाकर लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया।

गुरुवार को बगवाड़ा स्थित मतपेटियां रवाना होने से पहले डीएम उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने एक-दूसरे को 'कोई भी मतदाता छूटे नहीं' लिखा हुआ बैच लगाकर अभियान की शुरुआत की। इसके अलावा मतदान में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बैच वितरित किए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का पर्व है।

इसमें सभी को बढ़-चढ़कर मतदान करना चाहिए। बैच वितरण का उद्देश्य मतदान कर्मियों को सजग बनाने का है।

ताकि मतदान कर्मी स्लोगन को देखकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने बताया कि नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा संसदीय इलाके में 85 फीसदी मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे मतदान कर्मियों की सजगता के बल पर पूरा किया जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से भी मतदान की अपील की।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### चैती मेले में हुड़दंग मचा रहे 6 युवकों का किया चालान

**काशीपुर :** चैती मेले में हुड़दंग कर रहे छह युवकों को मेला थाना पुलिस ने पकड़ लिया और उनको 81 पुलिस एक्ट में चालान किया है। बुधवार को चैती मेले में मेला थाना पुलिस गश्त कर रही थी तो अलग-अलग स्थान पर छह युवकों को पुलिस ने हुड़दंग मचाते हुए पकड़ लिया और उनको मेला थाने ले आई। जहां पुलिस ने सभी युवकों का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया।

### चाकू के साथ नशेड़ी दबोचा

**बाजपुर :** बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने बौर नदी पुल के पास से अवैध चाकू के साथ सरकड़ी विधि का मझरा निवासी मुकेश (30) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक नशे का आदी है, जोकि लोगों को चाकू से डरा धमका कर छुटपुट वारदात करता था। टीम में एसआई नरेंद्र सिंह अधिकारी, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# अफवाहों पर ध्यान न दें, आज भी चलेंगी रोडवेज की बसें

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मतदान के दिन भी रोडवेज की बसों को यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया जाएगा। लोग बसें नहीं चलने की अफवाहों के बीच रोडवेज डिपो में पहुंचते दिखे। जानकारी के बाद संतुष्ट होकर शुक्रवार को यात्रा की तैयारी में लग गए। काशीपुर से 11 बसें चुनाव में लगाई हैं।

गुरुवार को रोडवेज डिपो में सुबह से ही लोग शुक्रवार यानी मतदान के दिन बसों के संचालन की जानकारी लेने आए। वैशाली कॉलोनी निवासी समीर सिंह ने बताया कि वोट डालने के बाद उन्हें देहरादून जाना है। पता चला कि मतदान के दिन यातायात संचालित ही नहीं हो रहा है। इसको लेकर वह रोडवेज डिपो में आए। वहीं रामनगर रोड के समीप रहने वाले पंकज जोशी ने बताया कि हरिद्वार परिवार के संग जाना है। हरिद्वार में उनके भतीजी का विवाह है। बस नहीं चलने की अफवाह से पूरा परिवार मायूस हो गया था। बताया कि देहरादून रूट पर आधा दर्जन से अधिक बसें चलेंगी। यही हाल नीझड़ा निवासी दिनेश शर्मा का था। वह अपने बेटे के साथ डिपो में आए थे। बताया कि उन्हें किसी जरूरी काम से रुड़की जाना है। एआरएम अनिल सैनी ने बताया कि रोडवेज की बसें अन्य दिनों की ही तरह 19 अप्रैल को विभिन्न रूटों पर संचालित होंगी। बताया कि काशीपुर डिपो की 11 बसों को चुनाव में लगाया गया है।

### जिले में तैनात रहेंगे सात हजार सुरक्षाकर्मी, तीन सुरक्षा चक्र में रहेगी बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

# पैरामिलिट्री के हवाले हुईं आठ जनपदीय सीमाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मतदान स्थलों और मतगणना परिसर की अभेद और अचूक सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए भारी संख्या में पैरामिलिट्री सहित सशस्त्र जवानों को लगाया गया है। इसके अलावा मतदान की पूर्व संध्या पर जिले की अंतर्राज्यीय एवं जनपदीय सीमाओं को पैरामिलिट्री के हवाले कर दिया गया। साथ ही बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की तीन चक्र में रहेगी।

बताते चलें कि गुरुवार को मतदान की पूर्व संध्या में जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का ऐसा खाका तैयार कर लिया। जिसे भेदना मुमकिन नहीं होगा।



रामपुर सीमा पर बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की जांच करती पुलिस।

जहां मतदान को लेकर ऊधमसिंह नगर में सात हजार पैरामिलिट्री, पीएसी और पुलिस के सशस्त्र जवानों की तैनाती की गई है। वहीं आपात स्थिति से निपटने के लिए कई टास्क फोर्स को रिजर्व में रखा गया है। इसके अलावा मतदान के बाद बगवाड़ा स्थित मतगणना स्थल स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को तीन चक्र में रखा गया है। जिसमें मतपेटियों के कक्ष के बाहर पैरामिलिट्री और पीएसी के सशस्त्र बल तैनात रहेंगे।

दूसरे चक्र में मचान बनाकर पैरामिलिट्री के निशानेबाज जवानों की तैनाती रहेगी और तीसरे चक्र में स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से की सुरक्षा पुलिस के जवानों को सौंपी गई है। इसके अलावा गुरुवार की शाम छह बजे के बाद 57 अंतरराज्यीय और आठ अंतर्जनपदीय सीमाओं को सील कर दिया गया और सभी बॉर्डरों पर पैरामिलिट्री जवानों के अलावा पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया गया है। जहां सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के अलावा वाहनों की गहनता से जांच की जाएगी।

### एसएसबी के जवानों ने की सीमा पर कांबिंग

**खटीमा :** लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को होने वाले मतदान को लेकर नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल और पुलिस ने सीमा पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया है। एसएसबी के जवानों ने सीमा पर कांबिंग अभियान चलाकर लोगों को सीमा के पार आने-जाने से रोका। वहीं उत्तर प्रदेश सीमा पर भी वाहनों की कड़ी चेकिंग के बाद ही जाने दिया। एसएसबी की कालापुल चौकी के उपनिरीक्षक ललित मोहन पुनेठा ने जवानों के साथ नेपाल सीमा पर सनिया नाले के किनारे सघन कांबिंग की। इधर पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने उत्तर प्रदेश को जाने वाले मार्गों वन महोलिया, 22 पुल से रामनगरा मार्ग, पूरनपुर मार्ग और पीलीभीत रोड पर सत्रहमील पुलिस चौकी पर यूपी से आने वाले वाहनों की सघन जांच और जानकारी लेने के बाद ही रवाना किया जा रहा है।

# धीमरखेड़ा में आग से सात एकड़ गेहूं की फसल जली

### दमकल वाहनों ने शेष फसल को आग की चपेट में आने से बचाया, मानपुर रोड पर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में भी कूड़े के ढेर में लगी आग

अग्निकांड

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम धीमरखेड़ा में गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। आग से करीब सात एकड़ गेहूं का खेत जल गया। मौके पर पहुंचे दमकल वाहनों ने शेष फसल को आग की चपेट में आने से बचाया। उधर खेत स्वामी व अन्य लोगों ने ट्रैक्टर की मदद से दमकल वाहनों के पहुंचने से पूर्व ही आग का रास्ता रोक कुछ हद तक आग पर काबू पा लिया था।

बुधवार को ग्राम धीमरखेड़ा में हरपाल सिंह, सुरेश सिंह, सोमपाल व कमला देवी के गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। जो देखते ही देखते तेजी से फैल गई। खेत स्वामी द्वारा ट्रैक्टर हैरो से आग का रास्ता काटकर आग को आगे बढ़ने से रोका, तो वहीं सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा दूसरी ओर से लगातार पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग से करीब सात एकड़ में लगा गेहूं जल गया। वहीं खेत स्वामी व दमकल कर्मियों की तत्परता से 20 एकड़ गेहूं की फसल को आग लगने से बचा लिया गया।

उधर मानपुर रोड पर ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े के ढेर में आग लग गई, जो पास में गेहूं के खेत की ओर बढ़ने लगी। जिसे सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने समय रहते बुझा दिया। जिससे गेहूं की फसल जलने से बच गई। फायर टीम में संदीप शर्मा, अर्जुन सिंह, रश्मि व नमिता टम्टा शामिल रहे।



काशीपुर के ग्राम धीमरखेड़ा में गेहूं के खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार



खटीमा के झनकट में नलई में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड के जवान।

### खटीमा में गेहूं के भूसे और नलई में लगी आग

**खटीमा :** कड़ाके की धूप और तेज हवाओं के बीच कई स्थानों पर लगी आग के चलते दिनभर इधर से उधर फायर ब्रिगेड के जवान दौड़ते रहे। विकासखंड के मझोला 2 में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने मझोला निवासी गिरीश चंद के गेहूं के भूसे और नलई में लगी आग पर भारी मशक्कत के बाद काबू पाया। वहीं झनकट निवासी खड़क सिंह के भूसे के ढेर के पास गेहूं की नलई में लगी आग भूसे तक पहुंच गई। यहां भी फायर टीम ने आग पर काबू पाया। इसी दौरान गोसीकुआं में बांस के पेड़ में आग लगने की सूचना मिली तो टीम ने वहां पहुंचकर आग पर काबू पाया। इसी बीच टीम को सितारगंज छेत्र के बिडौरा मझोला में लगी आग बुझाने जाना पड़ा। स्थिति यह रही कि पूरे दिन टीम को इधर से उधर भागना पड़ा। टीम में प्रेमलाल, भवन सिंह, सीमा भैरवाल, अंकिता कुंवर, हेम जोशी, राजेंद्र सिंह मल, सुंदर सिंह आदि थे।

### जसपुर में कूड़े के ढेर में लगी आग

**जसपुर :** गांव कुंडा जसपुर में कूड़े के ढेर में आग लग गई। इस पर लोग आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग के फैलने की आशंका से घबरा गए। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से तत्काल फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। आग के पास ही पारस मेहरोत्रा के 5 एकड़ खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी। फायर यूनिट ने तुरंत आग को फैलने से रोका। घटना स्थल पर पहुंची फायर यूनिट में रमेश चन्द्र, गोपाल प्रसाद, विजेन्द्र सिंह, दलबीर सिंह आदि शामिल रहे।



जसपुर क्षेत्र के गांव कुंडा में कूड़े में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

# चुनाव को लेकर जिले में किया गया रूट डायवर्जन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सामान्य लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदान की पूर्व संध्या पर पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। तीन दिन तक जारी नियम को लागू रखने का आदेश दिया है। इसमें कुछ थाना इलाकों से भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी और मतदान के वक्त भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी के आदेश पर जारी रूट डायवर्जन के अनुसार 18 अप्रैल से जिले के कई थाना इलाकों से भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। जो गुरुवार की शाम पांच बजे से लागू कर दिया गया है। इसमें एसएच हॉस्पिटल सितारगंज, थाना पुलभट्टा, किच्छा के दरऊ चौक, लालपुर, बगवाड़ा मंडी कीरतपुर मोड, रामपुर बॉर्डर, जाफरपुर मोड़ दिनेशपुर, महतोष मोड़, मोतियापुर मोड़ गदरपुर, स्वार बॉर्डर दोराहा, बरहैनी बाजपुर, लोहिया पुल, पैगा, प्रतापपुर चौकी, सूर्या बॉर्डर थाना कुंडा, धर्मपुर बॉर्डर, नादेही बॉर्डर जसपुर से भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। इसमें आवश्यक सेवाओं के वाहन जैसे दूध, गैस, फल, सब्जी, अनाज तथा पेट्रोलियम पदार्थ सामान्य तौर पर संचालित रहेंगे।

### फेरबदल

- 18 से 20 अप्रैल तक लागू होगा नियम, कुछ थाना इलाकों में रहेगी भारी वाहनों की नो एंट्री




यातायात पुलिस द्वारा जारी लोगो।

इसके अलावा 18 अप्रैल गुरुवार की शाम पांच बजे से 20 अप्रैल की शाम पांच बजे सभी थाना-कोतवाली के प्रभारी अपने अपने इलाकों में गश्त करेंगे और यातायात पुलिस व्यवस्था को लेकर सजग रहेंगे। उन्होंने आदेशित किया कि यदि कोई भी वाहन स्वामी नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 52 एवं 53 का पालन नहीं करने की धारा 83 की उपधारा (1) (2) के तहत कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया है।

# चैती मेला देखने गए किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

दुखद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मजदूरों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में चैती मेला देखने गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

ग्राम अंगदपुर, जसपुर निवासी 40 वर्षीय राजीव कुमार खेती किसानी करता था। बुधवार को वह ईंट भट्टे पर कार्य करने वाले मजदूरों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ चैती मेला देखने गया था। परिजनों के अनुसार शाम को गांव का एक युवक राजीव का शव लेकर घर पहुंचा। जिसने हादसे में राजीव की मौत होना बताया। उधर पुलिस हार्ट अटैक होने से व्यक्ति की मौत मान रही है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण पता चल सकेगा। मृतक की मौत के बाद पत्नी व दो बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### ड्यूटी पर हेल्पर की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

**काशीपुर :** महुआखेड़ागंज स्थित एक प्लांट में कार्यरत हेल्पर की ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गई। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जटपुरा महावतपुर, अफजलगढ़, बिजनौर, यूपी निवासी 48 वर्षीय संतोष कुमार पिछले आठ साल से महुआखेड़ागंज स्थित एक प्लांट में हेल्पर के पद पर कार्य रहा था। बुधवार को नाइट ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद साथियों ने उसे एक निजी अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# निगोही में किया गया था राइफल का ट्रायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**315** बोर का खोखा पुलिस ने किया बरामद, दूसरा शूटर अब तक है फरार

**20** मार्च को किया गया था पहला ट्रायल, पूछताछ में पुलिस को मिली जानकारी

**अमृत विचार:** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या से पहले हत्यारोपियों ने निगोही (शाहजहांपुर) में राइफल से पहला फायर कर असलहा की जांच की थी। इसके बाद कुछ दिन बाद ही हत्याकांड को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी। पुलिस टीम ने मौके से राइफल का खोखा भी बरामद कर लिया है।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें एक हत्यारे अमरजीत सिंह को एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। वहीं दूसरे हत्यारे सर्वजीत सिंह की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। हत्याकांड में अब तक पुलिस ने नौ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन्होंने घटना के बाद हत्यारों को पनाह दी थी या फिर उन्हें पैसा व हथियार मुहैया कराया था। इसमें सतनाम सिंह पीलीभीत और सुल्तान सिंह बिलासपुर यूपी की अहम भूमिका थी।



बाबा तरसेम सिंह।

सुल्तान सिंह के घर पर हत्याकांड की पटकथा लिखी गई थी, जबकि शाहजहांपुर में हत्या से पहले पनाह देकर हत्या के लिए प्रशिक्षित किया गया था। प्रकरण में षड्यंत्रकारी सुल्तान सिंह और दिलबाग सिंह को जब पुलिस ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया तो हत्याकांड में एक नई कहानी का जन्म हुआ। पूछताछ में पता चला कि 28 मार्च को बाबा की हत्या करने से पहले 20 मार्च को शाहजहांपुर के निगोही के सुनसान इलाके में 315 बोर की राइफल से पहली गोली चलाई गई थी। गोली चलाने का मकसद यह था कि हत्याकांड को अंजाम दे वक्त राइफल धोखा तो नहीं देगी। इसी मकसद के साथ ही राइफल से एक गोली चलाकर जांच की गई थी। पूछताछ के बाद जांच टीम ने बताए गए स्थान शाहजहांपुर के निगोही से खाली खोखा बरामद कर लिया है।

### ट्रेन की बोगी में चेकिंग के दौरान मिली एक मासूम

**काशीपुर:** ट्रेन की बोगी में चेकिंग के दौरान आरपीएफ के बीट स्टाफ को एक साल की मासूम मिली। आरपीएफ के पोस्ट कमांडर ने बच्ची को सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द कर लिया।

बुधवार शाम लालकुआं से काशीपुर के प्लेटफार्म नंबर तीन पर ट्रेन आकर रुकी। ट्रेन के कोच में चेकिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के बीट स्टाफ विनोद कुमार को कोच संख्या 093559 एनई में एक वर्षीय मासूम बच्ची लावारिस हालत में मिली। जानकारी मिलने पर आरपीएफ पोस्ट कमांडेंट रणदीप कुमार ने प्रकरण से सीडब्ल्यूसी को अवगत कराया। बाद में उन्होंने बच्ची को आरपीएफ पोस्ट पहुंची सीडब्ल्यूसी की सदस्या हरनीत कौर के हवाले कर दिया।

# नेता प्रतिपक्ष समेत 25 लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, बाजपुर


**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार थमने के बाद कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल सेन के आवास पर चुनावी सभा करने के आरोप में एफएसटी टीम प्रभारी राजीव कुमार ने कोतवाली बाजपुर में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य व अनिल सेन को नामजद करते हुए 20 से 25 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

राजीव कुमार (सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिगवाड़ा थाना रुद्रपुर) ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में उनकी ड्यूटी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रभारी एफएसटी टीम (एच) 64-बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में है। टीम में उनके साथ कैमरामैन हरजिंदर सिंह, हेड कांस्टेबल भरत धानिक, होमगार्ड प्रीतम सिंह व चालक राजेंद्र सिंह नियुक्त हैं। कहा कि गुरुवार की प्रातः सात बजे से अपने सहकर्मियों के साथ आवंटित कार्य क्षेत्र में चेकिंग के लिए भ्रमण पर थे। चेकिंग करते हुए हरिपुरा हरसान क्षेत्र में पहुंचे तो राह चलते लोगों द्वारा नाम, पता गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि यशपाल आर्य व उनके पुत्र संजीव आर्य ग्राम जबरान में अनिल सेन के आवास पर चुनावी सभा कर रहे हैं। सूचना पर वह टीम के साथ अनिल सेन के घर पर पहुंच गए। जहां घर के आंगन में यशपाल आर्य व उनके पुत्र संजीव आर्य के साथ 20-25 अन्य लोग बैठे हुए बातें कर रहे थे। उनके पहुंचते ही सभी लोग शांत हो गए। टीम में मौजूद वीडियोग्राफर हरजिंदर ने मौके की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी की है। मौके पर कोई भी प्रचार प्रसार सामग्री, पोस्टर या बैनर घर पर लगा हुआ नहीं मिला और न ही किसी व्यक्ति के पास कोई सामग्री मिली। लोगों को आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों से अवगत कराया गया तो सभी लोग वहां से चले गए। चूंकि चुनाव प्रचार-प्रसार 17 अप्रैल की सायं पांच बजे से समाप्त हो चुका है जिसके चलते इतने लोगों का एक स्थान पर एकत्रित होना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 188, 126(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता को सौंपी गई है।

### मामला

- प्रचार थमने के बाद भी चुनावी सभा करने का आरोप, एफएसटी टीम ने दर्ज कराया मुकदमा

> हमारे द्वारा कोई चुनाव प्रचार नहीं किया जा रहा था। कांग्रेस के पदाधिकारी रहे अनिल सेन के भाई की मृत्यु कुछ समय पूर्व हो गई थी। व्यस्तता के कारण शोक व्यक्त करने उनके घर नहीं पहुंच पाए थे। चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात शोक व्यक्त करने उनके घर गए थे, जहां अनिल सेन के परिवार व कुछ शुभचिंतक पहले से ही मौजूद थे। जल्द ही पूरे मामले का जवाब दिया जाएगा।
> **-यशपाल आर्य**, नेता प्रतिपक्ष उत्तराखंड



### कार्रवाई: आरोपियों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की

# अवैध शराब के धंधे में लिप्त आठ गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब के धंधे में लिप्त 4 महिलाओं समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी का आबकारी एक्ट में मुकदमा किया है।

टांडा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान रेलवे फाटक के पास कच्ची शराब बेचते टांडा उज्जैन निवासी शांति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 75 पाउच कच्ची शराब बरामद की। उधर, ग्राम गोपीपुरा में घर के बाहर कच्ची शराब बेचते गुरबचन कौर उर्फ बचनी पुलिस को देख मौके से भाग गई। यहां से 15 लीटर कच्ची शराब के बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने शांतिनगर निवासी चरणजीत सिंह उर्फ चांद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गुलजारपुर गन्ना सेंटर के पास से ग्राम सैमलपुरी निवासी तारा सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। साथ ही मंडी चौकी पुलिस ने भी प्रगति कॉलेज के पीछे आम के बाग में कच्ची शराब बेचते भोगपुर डाम नं. दो निवासी लवप्रीत सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा नीलकंड कालोनी में शिव मंदिर के पास कच्ची शराब बेचते ग्राम सरवरखेड़ा निवासी प्रेम को 15 लीटर, ग्राम शिवराजपुर में कच्ची शराब बेचती यहीं की निवासी राजकुमारी को 15 लीटर, ग्राम दुर्गापुर में टावर के पास से कच्ची शराब बेचती यहीं की निवासी रानी बाई को 40 लीटर और ग्राम गढ़ीनेगी में नहर की पुलिस के पास से कच्ची शराब बेचते ग्राम गढ़ीनेगी निवासी कुसुम 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी का पुलिस ने चालान किया है।

### पुलभट्टा पुलिस ने कच्ची शराब के 152 पाउच किए बरामद

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में कच्ची शराब के 152 पाउच के साथ एक शराब तस्कर को दबोच दिया। जबकि एक अन्य आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलभट्टा थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में उप निरीक्षक पंकज कुमार, पुलिस कर्मी रविकांत शुक्ला, रमेश सती, इंद्र प्रकाश एवं अनिल कुमार की टीम ने देर रात्रि चेकिंग के द्वारा शक्तिफार्म रोड पर जीरो बंदा क्षेत्र में ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी लाल सिंह को अवैध कच्ची शराब के 77 पाउच की तस्करी करते दबोच लिया। अन्य मामले में पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि घेरा फार्म पुलिया के निकट एक शराब तस्कर शराब की तस्करी के लिए कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर आरोपी शराब तस्कर प्लास्टिक के कट्टे में रखी अवैध शराब छोड़कर खेतों के रास्ते मौके से फरार हो गया। मौके से फरार हुए आरोपी की पहचान नई बस्ती, ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी स्वर्ण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद कट्टे से अवैध कच्ची शराब के 75 पाउच बरामद कर लिए।



काशीपुर में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन के लिए लाइनों में लगे लोग। ● अमृत विचार



चैती मेले में लगे आकर्षक झूले। ● अमृत विचार

# मां बाल सुंदरी देवी के दर्शनों को विदेश से भी पहुंच रहे भक्त

## नवरात्र के पहले दिन से अब तक कई विदेशी श्रद्धालु आ चुके हैं चैती मंदिर, कनाडा, अफ्रीका व दुबई से आए लोगों ने की विशेष पूजा

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार :** मां बाल सुंदरी देवी में विदेशी लोगों की भी आस्था है। विदेशी मेहमान चैती मंदिर में आकर देवी के आगे शीश नवाते हैं। अब तक कनाडा, अफ्रीका व दुबई से विदेशी श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना की है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही चैती मंदिर में पूजा अर्चना को भक्त उमड़ रहे हैं। बुक्सा समुदाय के लोगों के पहुंचने से भीड़ और बढ़ गई है। बुक्सा समाज के लोग मां बाल सुंदरी देवी को अपनी कुलदेवी मानते हैं। चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री बताते हैं कि मां बाल सुंदरी देवी में देश के ही नहीं विदेशी लोग भी आस्था रखते हैं। नवरात्र के पहले दिन से अब तक कई विदेशी लोग मंदिर में आकर पूजा अर्चना कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि 52 शक्तिपीठों में एक उज्जैनी शक्तिपीठ मां बाल सुंदरी देवी हैं। बताया कि जिस स्थान पर गर्भगृह है वहां मां सती की बाई भुजा गिरी थी। मेले में विदेशों में रहने वाले भारतीय लोग भी पहुंच रहे हैं।



काशीपुर में स्थित चैती मंदिर। ● अमृत विचार

**दिन में दर्शन, शाम को मेला देखते हैं लोग:** मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन को हजारों लोग पहुंच गए हैं। परिवार के संग आए लोग दिन में देवी की दर्शन करते हैं और शाम को मेला घूमते हैं। बताया कि कई दिनों तक परिवार के साथ मेला परिसर में ही रहते हैं। इसके लिए बुक्सा समाज सहित कई लोग खाने, साने का सामान तक लेकर यहां आते हैं।

### मां बाल सुंदरी देवी का ही स्वरूप है खोखरा देवी

**काशीपुर :** मां खोखरा देवी मंदिर में भी लोग प्रसाद चढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि मां खोखरा देवी भी मां बाल सुंदरी देवी का ही स्वरूप है। श्रद्धालु नारियल चुन्नी के साथ ही मंदिर में कौड़ी का भी प्रसाद चढ़ाते हैं। इससे लोगों की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। यहां पर धामपुर, नगीना, मुरादाबाद, बिजनौर आदि के लोग अधिक आते हैं।

### चैती मेले में झूलों ने बढ़ाई रौनक

**काशीपुर :** चैती मंदिर में लोगों की भीड़ बढ़ने के साथ ही मेले की रौनक बढ़ने लगी है। मेले में लोग खरीदारी के साथ ही विभिन्न प्रकार के झूलों का लुत्फ उठा रहे हैं। चैती मेले में 25 से अधिक विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। वहीं बीते 15 अप्रैल की अर्धरात्रि देवी का डोला चैती मंदिर पहुंचते ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही झूले संचालित हो रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं में झूले झूलने का अलग सा ही उत्साह दिख रहा है। मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेले में लोगों की सुरक्षा को पुलिस बल लगाया गया है। सड़क पर धूल न उड़े, इसके लिए लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दुकानदारों से खुले में खाने का सामान नहीं बेचने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि झूले देर रात तक ही संचालित हो रहे हैं। सुरक्षा पर नजर रखी जा रही है।

## सार-संक्षेप

### समाजसेवी सुरेंद्र सिंह कुंवर उर्फ गंगा का निधन

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** समाजसेवी सुरेंद्र सिंह कुंवर उर्फ गंगा सिंह (50) निवासी ग्राम पंचायत मदनापुर के ग्राम चरनपुर, गदरपुर का ऋषिकेश में उपचार के दौरान निधन हो गया। 25 मार्च को घर चरनपुर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए थे। उनका इलाज एम्स ऋषिकेश में चल रहा था। उन्होंने उपचार के दौरान बुधवार को अंतिम सांसें ली। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां सहित एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गए। गुरुवार को उनकी चिता को पुत्र अंकित कुंवर ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, भाई सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, प्रधान हेमगिरी गोस्वामी, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, प्रयाग दत्त कांडपाल, गोपाल सिंह ठठोला, धर्म सिंह देऊपा, भीम सिंह कुंवर, राजेंद्र सिंह जलाल, योगेश पानू, कुंदन सिंह कुंवर, कुंवर सिंह देऊपा, मदन मोहन जोशी, रतन सिंह डोगरा, पूरन सिंह कुंवर, दिनेश नयाल, पं. केवलानंद पाठक, खुशाल सिंह, हरक सिंह बिष्ट, आलोक पाठक, गोपाल डोगरा आदि शामिल रहे।



सुरेंद्र सिंह।




नोजगे पब्लिक स्कूल में मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लेते बच्चे।

### नुक्कड़ नाटक से मतदान के लिए जागरूक किया

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल (टिवंकल मैम) में नवीं के छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में सौ प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रख ग्राम-सभाओं के प्रत्येक नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रबंधिका टिवंकल दत्ता ने बच्चों को मतदान का महत्व समझाते हुए कहा कि देश के अमीर व गरीब दोनों वर्गों के व्यक्तियों को एक समान मतदान का अधिकार है। इस अवसर पर डॉ. विनय जैन, उपप्रधानाचार्य शेफाली अग्रवाल, रमेश सिंह रौतेला, जसविन्दर पाल कौर, लवली सुनील, प्रियंका जोशी, अमित शर्मा, विमला जोशी, ममता जोशी, गायत्री जोशी, सिमरन बंसल, श्वेता बत्रा, विवेक राना, अनिल सिंह, सुनीता वर्मा, अंशिता अग्रवाल, प्रिया पाण्डे, प्रभदीप कौर, डिम्पल चौहान, जानकी ऐरी, आस्था कापड़ी आदि उपस्थित थे।

### सेव द इनवायरमेंट की लाइफ मेंबरशिप डॉ. मणिंद्र को मिली

**पंतनगर :** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन को गुरुग्राम की संस्था सेव द एनवायरनमेंट गुरुग्राम ने लाइफ मेंबरशिप प्रदान की है। डॉ. मणिंद्र को यह मेंबरशिप उनकी ओर से पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दी गई है। वह बायोटेक में निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में जल, मृदा एवं वायु के गुणवत्ता विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।



डॉ. मणिंद्र मोहन।

### 175 लीटर कच्ची शराब पकड़ी, चार गिरफ्तार

**बाजपुर :** चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए ले जाई जा रही 175 लीटर कच्ची शराब पुलिस ने छापेमारी कर बरामद की है। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोराहा चौकी की पुलिस ने ग्राम कनौरा निवासी सुरेंद्र सिंह को ईदगाह के पास से 22 लीटर, बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने ग्राम इटव्वा रोड बन्नाखेड़ा निवासी गुरमुख सिंह को भूड़ी गांव के पास 40 लीटर, सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने ग्राम वनगढ़ गोबरा निवासी बिजेंद्र सिंह को कोसी कांटा के पास 51 लीटर तथा ग्राम गोबरा निवासी हरजिंदर सिंह को 62 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित कोसी नदी के मानकी घाट के पास से गिरफ्तार किया है।



कुष्ठ आश्रम में हवन करते भाजपा नेता चुघ। ● अमृत विचार

### कुष्ठ आश्रम में रामनवमी पर भंडारे का आयोजन

**रुद्रपुर :** रामनवमी के उपलक्ष्य में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ किच्छा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने यजमान के तौर पर पूजा अर्चना की और हवन किया। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चुघ ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर आश्रम में 24 घंटे तक राम नाम का जाप किया जाता है। इसके बाद अगले दिन हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर हयात राम, नारायण सिंह, उमाशंकर कौशल, रामचंद्र पुजारी, दिलीप सिंह, राजू सिंह, चंद्रशेखर यादव, राज कोली, दर्शन कोली, सनी पासवान, शिव कुमार, शिबू समेत कुष्ठ आश्रम के तमाम लोग मौजूद थे।

# मां बसंती को सिंदूर चढ़ाने के बाद खेली होली

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** मां बसंती पूजा महोत्सव में विशेष दसवीं पूजन के बाद श्रद्धालु महिलाओं ने मां को सिंदूर चढ़ाकर अपने पति के दीर्घायु होने व परिवार में सुख- शांति एवं समृद्धि की कामना की। सुहागन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर होली खेली।

गुरुवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में महिला संगठन के तत्वावधान में पांच दिवसीय सार्वजनिक बसंती पूजा महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती ने परंपरा के अनुसार पूजन कराया। महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा के साथ पुरोहित ने मां बसंती का दर्पण (शीशा) पानी से भरे ताम्र बर्तन में विसर्जन किया। आयोजकों ने बताया कि मां की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को किया जाएगा। अनुष्ठान में नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, सुनीता मिस्त्री, हेमा चक्रवर्ती, शिखा ढाली, मीना राय, सरस्वती विश्वास, उर्मिला मंडल, आनंदिता सरकार, प्रमिला मंडल, श्रीति राय, मीना मंडल, प्रभा राय, पल्लवी गाईन, सविता मंडल, विचित्रा मंडल, करुणा मल्लिक, अमिता बढ़ई, राखी राय, बसंती चक्रवर्ती, पूनम मंडल आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर में मां बसंती के पूजन के बाद एक- दूसरे को सिंदूर लगातीं सुहागिनें। ● अमृत विचार

### रक्तदान शिविर का आयोजन 24 को

**काशीपुर :** संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 24 अप्रैल बुधवार को निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारत वर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। काशीपुर ब्रांच के मुखी राजेंद्र कुमार अरोड़ा बताया कि रक्तदान शिविर में काशीपुर के अतिरिक्त जसपुर, बाजपुर और गढ़ीनेगी के भी निरंकारी संत व अन्य समाजसेवी श्रद्धालु भी इस अभियान में हिस्सा लेंगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय जनता से मिले। कैंप कार्यालय में पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

उन्होंने मेलाघाट मुख्य बाजार में अपने पुराने परिचितों से मुलाकात की और वहां की जनता से मिलकर अजय भट्ट के समर्थन में ऐतिहासिक मतदान करने की अपील की। बाद में देर सायं उन्होंने एक निजी प्रतिष्ठान में चिकित्सकों एवं वकीलों के साथ संवाद किया। सीएम धामी ने चकरपुर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में दर्शन कर मुख्य बाजार में व्यापारियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा के सभी क्षेत्रों का भ्रमण किया। सभी लोगों से उनके कुशलता जानी एवं लोगों से आग्रह किया कि इस लोक पर्व पर मतदान करने अपने बूथ पर अवश्य जाएं और लोकतंत्र की ताकत को मजबूत करें। उनके साथ मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, दान सिंह रावत, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, डॉ नवीन चंद्र भट्ट, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, किशन सिंह किन्ना, राहुल चौहान आदि थे।



खटीमा के मेलाघाट में ग्रामीणों से जनसंपर्क करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म के झूठे आरोप पर कोर्ट ने महिला व साथी को किया तलब

**काशीपुर:** दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाकर पैसा मांगना एक महिला व उसके साथी को महंगा पड़ गया। कोर्ट ने अवैध मांग, गाली गलौज व धमकी के मामले में महिला को तलब किया है। ग्राम राघूवाला, तहसील ठाकुरद्वारा निवासी ओमप्रकाश ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई और भारत भूषण के माध्यम से न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर के यहां परिवाद दायर कर कहा कि थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुत्र अर्जुन के खिलाफ दिसम्बर 2023 से बलात्कार के फर्जी प्रार्थना पत्र भिजवाने शुरू कर दिए। फिर उसके बाद महिला के साथी कौशल ने ओमप्रकाश के ऊपर दस लाख रुपये देने का दबाव बनाया। साथ ही धारा 156 (3) सीआरपीसी का प्रार्थना पत्र दिखाया। ओमप्रकाश ने घबराकर पांच लाख रुपये कौशल कुमार व महिला को दे दिए, जबकि यह प्रार्थना पत्र झूठा था। बाद में पांच लाख रुपये ओमप्रकाश के घर पर राजेन्द्र सिंह व मोहन सिंह के सामने बीती 1 जनवरी 2024 को दिए गए। इसके बाद महिला फिर से दस लाख रुपये की और मांग करने लगी। पीड़ित ने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से रुपये मांगने के समस्त साक्ष्य न्यायालय के समक्ष दाखिल किए।

### रोहू मछली के अस्तित्व पर गहराया संकट

**गरमपानी :** जीवनदायिनी कोसी नदी में पाई जाने वाली संरक्षित प्रजाति की रोहू मछली के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। नदी क्षेत्र में जगह जगह धड़ल्ले से किए जा रहे मछलियों के शिकार से संरक्षित प्रजाति के मछली का समूल नष्ट होता जा रहा है। अराजक तत्व करंट, जहरीले रासायनिक पदार्थ व गंधक पोटाश का इस्तेमाल कर नदी में धमाका कर मछलियों के शिकार पर आमादा है। क्षेत्रवासियों ने मछलियां का शिकार करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे के नजदीक बहने वाली जीवनदायिनी कोसी नदी अराजक तत्वों के निशाने पर आ गई है। नदी क्षेत्र में मछलियों का शिकार करने वाले अराजक तत्वों के सक्रियता बढ़ा देने से आए दिन नदी क्षेत्र में धमाके की गूंज सुनाई दे रही है। कोसी नदी क्षेत्र में दिन दोपहर करंट, जहरीले रासायनिक पदार्थ व गंधक पोटाश के का इस्तेमाल कर किए जा रहे धमाकों से हो रहे मछलियों के शिकार से लोगों में गहरा रोष भी व्याप्त है। भोर्या बैंड, चमड़िया, लोहाली, नावली, जौरासी, काकड़ीघाट समेत तमाम क्षेत्रों में धड़ल्ले से मछलियों का शिकार होने से संरक्षित प्रजाति की रोहू मछली के अस्तित्व पर संकट मंडरा गया है। मछलियों के शिकार में इस्तेमाल किए जा रहे तरीकों से नदी में मछलियों का समूल नष्ट होता जा रहा है।



नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर व शीश प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन प्रस्तुत करते गायक कलाकार। ● अमृत विचार

आस्था | शीश प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन

# श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर व शीश प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कीर्तन में श्री खाटू श्याम बाबा का सुंदर दरबार सजाया गया और श्री श्याम बाबा के नाम ज्योत जलाई गई। इसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

बुधवार रात्रि को बाजपुर के ग्राम महेशपुरा बड़ा शिव मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित श्याम मंदिर व श्री श्याम शीश प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भजन कीर्तन में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा की ज्योत जलाकर कीर्तन का शुभारंभ किया। इसमें भव्य विशाल दरबार सजाया गया और विशाल कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया। सभी ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित भजन कीर्तन में शाम 7:00 बजे हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भजनों का लुत्फ उठाया। कीर्तन की शुरुआत श्री श्याम आरती के साथ हुई। देर रात्रि तक भजनों पर थिरके श्रद्धालुओं ने श्री श्याम के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

गायक नागेंद्र, गायिका वंशिका गुप्ता, अनिलेश राज ने श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार गौरव बल्लभ ने सजाया।

कार्यक्रम में ग्राम महेशपुरा बड़ा शिव मंदिर के पुजारी प्रशांत गिरी महाराज, अंकित कुमार, समाजसेवी रमेश सैनी, राकेश गुप्ता, पप्पू सैनी, सुरेश सैनी, सत्येंद्र गुप्ता, पवन सागर, राहुल सैनी, रवि गोला, बलवीर सैनी, सोनू कश्यप, रितिक सैनी, शिवम कश्यप, सुरेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, कुनाल सैनी, राकेश कश्यप, रिंकू कश्यप, सुमित दिवाकर, रोहित कश्यप, रोहित सैनी, सतपाल सैनी, सुंदर कश्यप, चंद्रपाल सैनी, नरेश पासी, शिवम कश्यप, ख्याली राम सैनी, रूपचंद सैनी, अमन चंद्र, गुरमीत सिंह, गगन चंद्र, कमल रावत आदि उपस्थित रहे।



श्री श्याम मंदिर में स्थापित खाटू श्याम बाबा की मूर्ति। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### डीएससी में सिपाही और क्लर्क की भर्ती 2 मई को

**रानीखेत :** केआरसी में पूर्व सैनिकों की डीएससी की भर्ती दो मई को होगी। सिपाही जनरल ड्यूटी और सिपाही क्लर्क पदों के लिए देशभर से कई पूर्व सैनिक भर्ती में भाग ले सकेंगे। केआरसी से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सिपाही जनरल ड्यूटी के लिए 31 मई 2022 से 30 अप्रैल 2024 तक सेवानिवृत्त हुए 46 साल से कम आयु के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। सेवानिवृति की अवधि दो साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। जबकि सिपाही क्लर्क (एसडी) के लिए 31 मई 2019 से 30 अप्रैल 2024 तक सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिक भर्ती में शामिल होंगे। साथ ही उनकी सेवानिवृति की अवधि पांच साल से अधिक न हो। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 48 साल से कम और मेडिकल केटेगरी शेप-1 निर्धारित की गई है। पूर्व सैनिकों को अपने साथ डिस्चार्ज बुक, एजीआई, एक्सटेंडेड इंश्योरेंस प्रमाण पत्र व शैक्षिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियों के साथ पासपोर्ट साइज की 16 रंगीन फोटो लानी होगी। साथ ही एक्स टीए पर्सनल को एटीसी प्रमाणपत्र लाने होंगे।

### दावाग्नि से बचाव को विभाग कर रहा सड़क-रास्तों की सफाई

**बागेश्वर :** जिले में जंगल निरंतर आग की चपेट में आ रहे हैं। इसको देखते हुए वन विभाग द्वारा जंगल से लगे रास्तों की सफाई की जा रही है ताकि किसी की लापरवाही से आग की चिंगारी जंगलों को न फूंक दे। जंगलों में आग लगने का सबसे बड़ा कारण अज्ञानता के कारण जलती बीड़ी- सिगरेट रास्ते में फेंक देना है। जिससे पिरूल व अन्य घासफूस में लगी आग तुरंत जंगल तक फैल जाती है। इसको देखते हुए वन विभाग द्वारा इन दिनों सड़कों व आवाजाही वाले पैदल मार्गों की सफाई की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने बताया कि जौलकांडे मार्ग, गिरेछीना मोटर मार्ग समेत कांडा, गरूड़ आदि मोटर मार्गों व जंगल से होकर गुजरने वाले मार्गों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा आग लगाने वालों की सूचना देने के लिए ग्रामीणों व स्वयंसेवियों का सहयोग लिया जा रहा है।

### लमगड़ा, द्वाराहाट और धौलादेवी के जंगलों में लगी आग



जिले में लमगड़ा विकास खंड में आग से धधकता जंगल।

**अल्मोड़ा :** जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सल्ट समेत लमगड़ा, द्वाराहाट और धौलादेवी के अनेक जंगलों में दिन भर आग धधकी रही। आग लगने से चारों और धुंए का गुबार फैल गया। कई जगहों पर जंगल की आग सड़क मार्गों तक भी पहुंच गई। जिस कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक जिले के 48 से अधिक जंगल जल चुके हैं। लेकिन वन विभाग के पास वनाग्नि की इन घटनाओं का सही सही आंकड़ा तक दर्ज नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग को हर साल वनाग्नि रोकने के लिए लाखों रुपये का बजट मिलता है। लेकिन इसके बाद भी विभाग कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रहा है।

### पिथौरागढ़ में शांति भंग में पंद्रह के खिलाफ कार्रवाई

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पिथौरागढ़ में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाकर शांति भंग करने के मामले में पंद्रह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एसएसपी रेखा यादव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई है। ऐसे में पुलिस शांति भंग करने वाले लोगों और अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। एसएसपी ने कहा है कि अगर निर्वाचन के दौरान कहीं भी कोई व्यक्ति शांति भंग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसजे के महाकक्ष की हालत सुधारने को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना विवि के छात्रों ने विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर परिसर के महाकक्ष की हालत को सुधारने की मांग उठाई है। गुरुवार को छात्रों का एक शिष्टमंडल एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि विवि के अल्मोड़ा परिसर के महाकक्ष की हालत लंबे समय से दयनीय बनी हुई है। महाकक्ष में खिलाड़ियों के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। जबकि महाकक्ष में बिछाई गई मैट भी काफी पुरानी हो गई हैं। जिस कारण खिलाड़ियों और वहां जाने वाले अन्य छात्र छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने ज्ञापन में कुलपति से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

### बागेश्वर में वाहन न मिलने से परेशान रहे यात्री

बागेश्वर : जनपद में अधिकांश वाहन लोकसभा चुनाव डयूटी में लगने से यात्री परेशान रहे। गुरुवार को कई लोग वाहन न मिलने से सगे संबंधियों की बारात में भी शामिल नहीं हो पाए। टैक्सियां न होने से कई यात्री स्टेंड में फंसे रहे। कई लोगों ने बताया कि उन्हें आज शादी में शामिल होना था लेकिन वाहन नहीं मिल रहे हैं। जो वाहन हैं वह मनमाना किराया मांग रहे हैं। हरसीला निवासी प्रताप राम ने बताया कि वे बड़ी मुश्किल से वह भराड़ी टैक्सी स्टेंड पहुंचे। वहां से सामान के साथ कांडा जाना था परंतु चार घंटे से कोई वाहन नहीं मिला है। जबकि उनके संबंधी की बारात 11 बजे जाने वाली थी अब वहां जाकर कोई फायदा नहीं है, क्योंकि बारात जा चुकी होगी। इसी तरह पार्वती देवी, सुनीता देवी, नीमा ने बताया कि उन्हें नामकरण संस्कार में काफलीगैर जाना था। गरुड़ से यहां पहुंच चुके हैं। अब काफलीगैर जाने के लिए वाहन नहीं मिल रहे हैं।

### बस-टैक्सियां नहीं मिली तो पैदल गंतव्य तक पहुंचे यात्री

**अल्मोड़ा :** गुरुवार को जिले के अधिकांश वाहन चुनाव ड्यूटी पर चले जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह से ही नगर के रोडवेज, केमू स्टेशन और टैक्सी स्टेंड पर यात्रियों की भीड़ दिखाई दी। लेकिन वाहन नहीं मिले। मजबूरी में कई लोग महंगे दामों पर वाहन बुक कर गंतव्य तक पहुंचे। कई यात्रियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने कई किलोमीटर की दूरी पैदल तय की।

# अल्मोड़ा से 787, पिथौरागढ़ से 547 पोलिंग पार्टियां केन्द्रों के लिए रवाना

## मतदान कर्मियों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। गुरुवार को लोकसभा क्षेत्र के अल्मोड़ा जिले से 787 और पिथौरागढ़ से 547 पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। रवाना होने से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने सभी मतदान कार्मिकों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव के लिए अल्मोड़ा में कुल 920 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से दूरस्थ क्षेत्रों की 133 पोलिंग पार्टियों को मतदान से दो दिन पहले बुधवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया था। गुरुवार को अल्मोड़ा से कुल 787 पोलिंग पार्टियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को द्वाराहाट इंजीनियरिंग कालेज से सल्ट विधानसभा की 128, रानीखेत की 81 व द्वाराहाट की 149 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जबकि राजकीय इंटर कालेज अल्मोड़ा से अल्मोड़ा विधानसभा की 140, जागेश्वर विधानसभा की 137 और सोमेश्वर विधानसभा की 152 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। रवाना होने से पूर्व सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री संबंधित स्थलों से आवंटित की गई।

इधर पिथौरागढ़ जिले से भी गुरुवार को 547 पोलिंग पार्टियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि जिले के सबसे दूरस्थ मतदान केंद्र कनार के लिए 26 अप्रैल को एक टीम को रवाना किया गया था। जबकि 17 अप्रैल को 63 पोलिंग पार्टियां गंतव्य की ओर रवाना हुई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जनपद की धारचूला तहसील के लिए 111, डीडीहाट विधानसभा के लिए 140, पिथौरागढ़ विधानसभा के लिए 140 और गंगोलीहाट विधानसभा के लिए 156 पोलिंग पार्टियों को रवाना कराया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 और 17 अप्रैल को रवाना की गई सभी टीमें अपने अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ जिले में मतदान के लिए कुल 611 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



अल्मोड़ा के जीआईसी से रवाना होती पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

### ड्यूटी पर जाने से पूर्व कार्मिकों ने किया मतदान

**अल्मोड़ा :** गुरुवार को अल्मोड़ा के द्वाराहाट और जीआईसी अल्मोड़ा के अलावा पिथौरागढ़ के एसएलएम डिग्री कालेज में बने फैसिलिटेशन सेंटर में मतदान केद्रों के लिए रवाना होने से पूर्व सभी चुनाव कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से अपने मत का प्रयोग किया। दोपहर तक मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही भी टीमें गंतव्य की ओर रवाना हो गई थी।

### जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल का भारी संकट

**अल्मोड़ा :** जिले के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से पेयजल का भीषण संकट बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी विभाग लोगों को पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण लोगों को नौले- धारों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई जगह पोलिंग पार्टियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में लमगड़ा और सल्ट विकास खंड में पेयजल की भारी समस्या है। यहां एक पखवाड़े से अधिक समय से पेयजल आपूर्ति ठप है। लमगड़ा के मेरधूरा, मेलकांडे, चामी, धामस, चितई, भैंसवाड़ा व सल्ट ब्लॉक के मौलेखाल, जालीखान, शशीखाल, नौपटुआ, करगेत आदि क्षेत्रों में पहुंची पोलिंग पार्टियों को भी पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मतदान केंद्रों में पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है। जिस कारण मतदान कार्मिकों को भी पीने के पानी के लिए प्राकृतिक स्रोतों की दौड़ लगानी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण सिंह ने बताया कि विभाग के अधिकारियों से कई बार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति करने की मांग की गई। लेकिन विभाग ने कोई सुध नहीं ली।

### सुरक्षा बलों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया

**टनकपुर/चम्पावत :** जिले की दोनों विधानसभाओं (54-लोहाघाट तथा 55-चम्पावत) में पोलिंग बूथों की सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैनात समस्त सुरक्षा बलों को जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय व पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने गुरुवार को संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। रवाना गोरल चौड़ मैदान में दोनों अधिकारियों ने कर्मियों को चुनाव स्वतंत्र व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी पांडेय ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा सर्वप्रथम है। इसमें किसी भी प्रकार की सिथिलता न बरती जाए। मतदान के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग (85 प्लस) तथा अशक्त मतदाताओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सीधे मतदान के लिए कक्ष में भेजें।

# दो दिन तक खाई में पड़ा रहा घायल, साथी की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- मुरादाबाद के भोजपुरा निवासी दो युवक जा रहे थे गैरसैंण, खाई में गिरी बाइक, तीसरे दिन चला पता
- गंभीर घायल दूसरे युवक को कंधे पर सड़क तक लाए पुलिस कर्मी अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार :** घर से दो दिन पहले गैरसैंण के लिए निकले दो युवकों की बाइक गुरुवार को भतरौंजखान भिकियासैंण मोटर मार्ग पर करीब सौ मीटर खाई में गिरी मिली। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दूसरा दो दिनों घायल हालत में तक खाई में पड़ा रहा। जिंदगी और मौत से जूझ रहे इस युवक को पुलिस ने रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

भतरौंजखान के थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी ने बताया कि 17 अप्रैल को मुरादाबाद के भोजपुरा निवासी मो. आसिफ अनीश ने बताया कि उनका 22 वर्षीय भाई आले नबी और 21 वर्षीय कामिल 16 अप्रैल को गैरसैंण जाने के लिए बाइक से घर से चले थे। लेकिन वह 17 अप्रैल तक गैरसैंण नहीं पहुंचे। दोनों युवकों से आखिरी बार भतरौंजखान में बात हुई थी। जिसके बाद से दोनों में किसी से भी फोन पर संपर्क नहीं हो पा रहा है। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष भतरौंजखान मदन मोहन जोशी ने सर्विलांस की मदद से युवकों की लोकेशन का पता लगाया। सर्विलांस से मिली लोकेशन के अनुसार पुलिस टीम और युवकों के परिजनों ने भतरौंजखान भिकियासैंण मोटर मार्ग व मोहनरी क्षेत्र में दोनों की काफी खोजबीन की। लेकिन उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा। निराश होकर परिजन भी वापस लौट गए। लेकिन भतरौंजखान पुलिस ने दोनों युवकों की तलाश जारी रखी। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि 18 अप्रैल को भतरौंजखान से भिकियासैंण को जाने वाले मार्ग के सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और भतरौंजखान कस्बे से भिकियासैंण मार्ग की तरफ करीब छह किमी लंबे क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक सुनसान मोड़ पर लगभग सौ मीटर गहरी खाई में एक बैग और एक युवक पड़ा देखा गया।



घायल को कंधे पर रखकर लाता पुलिस कर्मी।

जिसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया और बमुश्किल खाई में उतरने के बाद पुलिस टीम को दो दिन से खाई में पड़ा घायल युवक मिला। उसने अपना नाम कामिल पुत्र खुर्शीद निवासी भोजपुर बताया। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस कर्मी कंधे पर लादकर सड़क तक लाए। टीम ने दूसरे युवक की खोजबीन की तो थोड़ी दूरी पर झाड़ियों में आले नबी पुत्र इस्लाम निवासी भोजपुर भी अचेत अवस्था में मिला। पुलिस टीम दोनों को भतरौंजखान स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां आले नबी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि मामले की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

# आज ईवीएम में बंद हो जाएगा सात उम्मीदवारों का भविष्य

- चार जिलों के तेरह लाख से अधिक मतदाता करेंगे फैसला

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर मतदाताओं को सात उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला करना है। जिसके लिए लोकसभा के चार जिलों में करीब 13,59,815 मतदाता हैं।

अल्मोड़ा लोकसभा की बात करें तो पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा और चंपावत जिलों की इस सीट पर अब तक मतदान का प्रतिशत एक बार छोड़कर पचास प्रतिशत से कम ही रहा है। इस बार इस सीट पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा तमाम प्रयास किए गए। मतदाताओं के लिए जहां कई प्रकार की शिथिलताएं बरती गई हैं। वहीं मतदान के प्रचार प्रसार में भी कोई कमी नहीं छोड़ी गई। ये उपाय कितने प्रभावी रहे, मतदान थमने के बाद आज यह स्थिति साफ हो जाएगी। मतदान प्रतिशत बढ़ने को लेकर जहां प्रशासन आश्वस्त है। वहीं उम्मीदवार भी मतदान प्रतिशत पर जीत हार का गणित लगा पाएंगे।

**अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के चार जिलों के मतदाताओं की स्थिति**

| जिला | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | सर्विस मतदाता | तृतीय लिंग | कुल बूथ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 5,42,428 | 274755 | 260529 | 7139 | 05 | 920 |
| पिथौरागढ़ | 387091 | 187426 | 185292 | 14371 | 02 | 611 |
| बागेश्वर | 221565 | 110342 | 106647 | 4576 | 00 | 381 |
| चंपावत | 208731 | 107420 | 98209 | 3102 | 00 | 344 |
| कुल | 13,59,815 | 679943 | 650677 | 29188 | 07 | 2256 |

### पत्नी ने लगाया डीएसपी पर मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकायुक्त में तैनात डीएसपी पर पत्नी ने मारपीट का आरोप लगाया है। थाना इज्जतनगर पुलिस डीएसपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर के अम्बे आवास कर्मचारी नगर निवासी मंजू सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति राकेश सिंह लखनऊ लोकायुक्त में तैनात हैं। वह शराब पीकर मारपीट करते हैं। आरोप है कि दो दिन पहले बरेली आने पर राकेश सिंह ने शराब पीकर उन पर हमला बोल दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी।

मंजू सिंह ने थाना इज्जतनगर पहुंचकर डीएसपी राकेश सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश सिंह पदोन्नति से डीएसपी बने हैं। इज्जतनगर पुलिस के अनुसार डीएसपी का मकान दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में पत्नी बेटों के साथ और दूसरे में डीएसपी स्वयं रहते हैं।


### वर्ग पहेली-44

**बाएं से दाएं**

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।




### वर्ग पहेली -43 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अ | | | 2 त |
| | 3 इ | बा | द | त | ख़ा | ना |
| 4 टा | | | ल | | | सु |
| प | | | ब | | 5 ले | ख |
| ना | | 6 ग | द | न | | |
| | 7 पा | य | ल | | | 8 फे |
| 9 गै | ली | | | 10 कौ | स | र |

### सुडोकू-123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

### सुडोकू -122 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20.04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10.57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष** आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

**मिथुन** आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कर्क** आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

**सिंह** आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**कन्या** आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**तुला** आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।

**धनु** आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर** आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**कुंभ** आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**मीन** आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति
सुबह : 08.09
रेस
रात : 08.39

SONY PIX
मैड मैक्स फरी रोड
सुबह : 11.00
एनाकोंडा
शाम : 06.33

SONY MAX
दिल तो बच्चा है
सुबह : 11.44
पटेल की पंजाबी शादी
शाम : 06.00

ZEE CINEMA
सनम
सुबह : 09.45
सत्यमेव जयते
रात : 08.20

colors CINEPLEX
फिर हेरा-फेरी
सुबह : 07.57
आर राजकुमार
शाम : 06.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात् ।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी, क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

# पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।



बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं, यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

## व्यंग्य

# एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है, हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना, हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर, जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक, छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है, होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है, तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या, कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो, भीड़ हो, किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार, ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है, तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो, उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विघ्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है, आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

# साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे, एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है, कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना, स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक, साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी, नकारात्मक और शर्म ही है, लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम, जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है, गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई, गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया, क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

## सोशल फोरम

# चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ


चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी, कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे, नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं, पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए, निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे, अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था, सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियों पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई, मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है, क्या वो युग वापस आने वाला है?

**-फेसबुक वॉल से**

# शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का, मानव का, चरित्र का, भाव का, कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी, विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी, जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है, उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है, जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके, वह सार्थक नहीं कही जा सकती।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है, जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास, सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी, वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है, लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था, वह अन्यत्र दुर्लभ था, उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी, वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।


बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे, बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं, धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

# संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।

मई दिवस अमर रहे, दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है, हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने, स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने, एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनत कश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।



## आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला


# देश के मूड का आज पहला इम्तिहान
# 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बादानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।



### जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर



| दल | सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| डीएमके | 24 |
| कांग्रेस | 15 |
| अन्य | 23 |

### मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारथी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

### गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

**08%** महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

**77** भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

**86** सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

### रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

### जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

**51** सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

### यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

### कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके के नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

### कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

### निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

### चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

### मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

### डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

### जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।



### एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

## चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी



मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

## कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे।



भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

### सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।



### पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17 .40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।





**मिलेगी जीत** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

**आज मतदान** पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

# राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार**। राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझडि़या से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

**2024** में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा



### अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,488.99 | 21,995.85 |
| गिरावट | 454.69 | 152.05 |
| प्रतिशत में | 0.62 | 0.69 |

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
**रामपुर :** शिवालिक-1000, फ्लैग- 1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 67-75 मसूरी- 47 बासमती- 100, **दाल दलहन :** काला चना- 77 साबुत चना दाल- 70-90 मूंग साबुत- 120-130 राजमा- 135 दाल उड़द- 120-140 साबुत मसूर दाल- 80-100 मसूर दाल- 90-105 उड़द साबुत- 110-140 काबुली चना- 130 अरहर दाल- 160-170 लोबिया/करमानी- 125 सोयाबीन- 70 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 64 मक्का- 22

### सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56200-56400 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,600 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

## हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

**मुंबई।** खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। वेदांता ने कहा, चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी चांदी उत्पादक है। हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान दूसरी बड़ी चांदी खदान है।

## मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

## नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

## साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

# शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

## एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

# औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा, इंडिगो में परोसे उपमा में सोडियम अधिक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है। रेवंत हिमतसिंग्का फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है।

### प्रवासी मजदूर की हत्या के बाद आतंकवादी रोधी अभियान तेज करने के निर्देश

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश में प्रवासी मजदूर की हत्या के एक दिन बाद कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने घाटी में शेष आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिरदी ने बुधवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा की समीक्षा के लिए यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठक की। बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और उनके सहयोगियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

# दो दशक बाद कोर्ट ने हत्या के दो दोषियों को किया बरी

## मृतक के साथ देखे जाने के आधार पर नहीं ठहरा सकते हैं दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- निचली अदालत के 2001 के फैसले के खिलाफ दायर किए गए अपीलों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने करीब 27 साल पहले कथित हत्या के एक मामले में दो लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें केवल इस आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता कि वे आखिरी बार उस शख्स के साथ देखे गए थे जिसकी हत्या कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर 2001 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपीलों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि वे मृतक के साथ काम करते थे, इसलिए उनका साथ होना असामान्य नहीं हो सकता और गवाहों के बयान में विश्वास नहीं झलकता। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी और मृतक एक साथ काम कर रहे थे, इसलिए अंतिम बार देखा गया के सिद्धांत को अभियोजन के मामले को संपूर्णता में ध्यान में रखते हुए और पूर्ववर्ती और बाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए।

अदालत ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, हमारी राय है कि आरोपियों को केवल इस आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं होगा कि वह आखिरी बार साथ में दिखे थे और यह बात भी संदेह से परे साबित नहीं हुई है। मृतक का शव जुलाई 1997 में रेलवे की पटरी पर मिला था और कुछ दिन बाद अपीलकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि व्यक्ति की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि उसे एक अपीलकर्ता के एक महिला के साथ अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था। उच्च न्यायालय ने 2003 और 2004 में दोनों अपीलकर्ताओं की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी। दोनों प्रवासी मजदूर थे जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में रहते थे।

# मॉकपोल के दौरान ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबरें गलत : आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**





भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को उठाया था। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से भूषण ने अदालत से कहा कि इस तरह की खबरें हैं कि ईवीएम मॉक पोल की कवायद के दौरान एक अतिरिक्त वोट दर्शा रही थीं।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने नामांकन दाखिल करने संबंधी अधिसूचना जारी की। भट ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर लोकसभा सीट से शिया नेता आगा रूहुल्लाह को और पीडीपी ने अपने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वहीद पारा को टिकट दिया है।

# शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना जारी, 53 ट्रेन और हुईं रद

**अंबाला, एजेंसी**

- आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की कर रहे हैं मांग

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे।

अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 ट्रेन और रद कर दी गईं है, 12 ट्रेनों का संचालन गंतव्य से पहले ही खत्म की गई और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन अब भी जारी है। अंबाला रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के प्रदर्शन से कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। नयी दिल्ली-अमृतसर, ऋषिकेश-श्री गंगानगर, लुधियाना-अंबाला कैंट समेत कई ट्रेन रद कर दी गईं। तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी किसान बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

## ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

**रांची।** झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

# शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

### मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

**नयी दिल्ली।** चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

### आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

### तीन भारतीयों ने सऊदी ओपन में कट हासिल किया

**रियाद।** शिव कपूर, अजितेश संधू और गगनजीत भुल्लर ने यहां 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया है। कपूर ने शुरुआती दो दौर में 72 और 69 जबकि संधू ने 76 और 65 से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। दोनों संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर चल रहे हैं। भुल्लर (70-72) ने कुल पार 142 के स्कोर से कट हासिल किया। वीर अहलावत (74-70), सपतक तलवार (76-68), कार्तिक शर्मा (75-70), एस चिकारंगप्पा (73-73), एसएसपी चौरसिया (77-73) और युवराज सिंह संधू (73-79) कट हासिल करने में नाकाम रहे। हनी बैसोया भी पहले दौर के बाद हट गए।

### जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

**टोक्यो।** जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।



शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

# रोमांचक मुकाबले में मुंबई की नौ रन से जीत

## मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के आशुतोष की 61 रनों की पारी नहीं आई काम




सूर्यकुमार यादव

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े।

12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### मुंबई 192/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान का बराड़ बो रबाडा | 08 | 08 | 1/0 |
| रोहित का बराड़ बो करेन | 36 | 25 | 2/3 |
| सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन | 78 | 53 | 7/3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 | 18 | 2/2 |
| हार्दिक का बराड़ बो हर्षल | 10 | 06 | 0/1 |
| डेविड का करेन बो हर्षल | 14 | 07 | 2/1 |
| रोमारियो का शशांक बो हर्षल | 01 | 02 | 0/0 |
| मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल) | 00 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, करेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

### पंजाब 183/10

19.1 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम करेन का किशन बो बुमराह | 06 | 07 | 1/0 |
| प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 | 03 | 0/0 |
| लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी | 01 | 02 | 0/0 |
| हरप्रीत का एवं बो गोपाल | 13 | 15 | 2/0 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 | 25 | 2/3 |
| जितेश पगबाधा मधवाल | 09 | 09 | 1/0 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 | 28 | 2/7 |
| हरप्रीत का नबी बो हार्दिक | 21 | 20 | 2/1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 04 | 0/0 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 | 03 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

## कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

• **नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले**

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

## चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

• **अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर**

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

## महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

**श्रीनगर।** महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

## एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

• **आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण**

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

## बॉलीवुड हलचल

## अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।



## आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरेशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।



## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी



● मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

# भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

# भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

● अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।



नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

## एक नजर



**विनाशकारी :** इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में सात संदिग्ध आतंकवादी किए गए गिरफ्तार

**जकार्ता।** डोनेशिया के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पूर्वी प्रांत मध्य सुलावेसी में दो अलग-अलग अभियानों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। डेंसस 88 के असविन सिरेगर ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि सभी संदिग्धों का घरेलू चरमपंथी समूह जमाह इस्लामिया (जेआई) के साथ कथित संबंध था, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा है। वर्ष 2002 के बाली बम विस्फोटों के पीछे जेआई का हाथ था, जिसमें बाली द्वीपसमूह के रिजॉर्ट द्वीप पर 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

### केरलः अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

**अलाप्पुझा (केरल)।** केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### दिल्ली में कम कपड़े पहनकर महिला बस में चढ़ी, यात्रियों ने बुलाई पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को कम कपड़े पहने एक महिला भीड़भाड़ वाली एक क्लस्टर बस में सवार हुई जिसके बाद चालक-परिचालक को पुलिस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, केवल अंतर्वस्त्र पहने महिला पंजाबी बाग बस स्टॉप से बस में चढ़ी थी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महिला बस में ऐसी हालत में चढ़ी, जिस पर चालक दल और यात्रियों को आपत्ति थी। किसी यात्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन किया और 10 मिनट के बाद महिला बस से उतर गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

**जकार्ता।** चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

# इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

## 22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

### गाजाः हवाई हमले में मारे गए 13 फिलिस्तीनी

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के शेख राडवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई घायल हुए हैं।

# अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

# तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर शुरू किया गया यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें सबसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया गया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारतीय सेना के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा। यह यात्रा चार चरणों में पूरी की गई और प्रत्येक चरण में चालक दल के लिए विशिष्ट चुनौतियां और सीखने के नए अवसर आए जिससे आगामी वैश्विक जल यात्रा चुनौती के लिए उनकी क्षमताएं मजबूत हुई हैं।

### एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

**नई दिल्ली।** ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।





### रॉयटर्स के फोटोग्राफर ने गाजा की तस्वीर के लिए जीता 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**पेरिस।** रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

# अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतवंशी की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

● 29 जून 2023 को मेक्सिको की सीमा पर किया गया था गिरफ्तार, हिरासत में गई जान

अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और ईआरओ को सौंप दिया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

# पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमीटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

# रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

● 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।


खुले रहस्य | सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

# हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।


हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

### वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

**नैनीताल :** ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

# चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

### हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

**सिडनी।** सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।